हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 14.09.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 56 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### सीएम ने 45 लाख से ज्यादा बहन-बेटियों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त का किया हस्तांतरण

# आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर मौजूद है पूरा सरकारी तंत्र : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पूरा सरकारी तंत्र मौजूद है। आप आगे आएं और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं। आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हमारी प्राथमिकता है। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हम आगे भी आपके बीच कई नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक वैसा भी वक्त था जब आपको सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। दलालों के चक्कर में पड़कर आप अपना



पैसा भी गंवाते थे और योजना का लाभ भी नहीं मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने इस तरह से नीतियां और योजनाओं को लागू करने का काम किया है, जिससे आपको ना तो बार-बार ब्लॉक ऑफिस जाना पड़ता है और ना ही दलालों के आगे-पीछे घूमना पड़ता है।

### आधी आबादी को बना रहे हैं सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लागू करने का हमारी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक की लगभग 48 लाख महिलाओं को वर्ष में 12 हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में दिए जाएंगे। इसकी पहली जारी हो चुकी है और आज करम पर्व की पूर्व संध्या पर दूसरी किस्त की राशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी हो रही है। इतना ही नहीं अगले 5 वर्षों के दौरान हर घर में 1 लाख रुपये हर वर्ष पहुंचाने का भी काम हमारी सरकार करेगी ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने घर- परिवार को मजबूत बना सकें।

### हर बुजुर्ग को मिल रही पेंशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इसका परिणाम है कि आज कोई भी बूढ़ा- बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। अब पेंशन योजना से जुड़ने के लिए आपको इंतजार नहीं करना पड़ता है। जैसे ही आपकी उम्र पेंशन पाने की योग्य हो जाती है, आपको उसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाता है।

### किसानों-पशुपालकों की आमदनी में बढ़ोतरी के लिए लगातार हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले झारखंड प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई हैं। एक तरफ किसानों के दो लाख रुपये तक का लोन माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है तो दूसरी तरफ बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और दीदी बाड़ी योजना जैसी अनेकों योजनाओं के जरिए किसानों को वैकल्पिक कृषि के साथ उनके आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान सशक्त बनेंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार गांव और देहात से चल रही है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकें।

### सरकार कर्मियों की समस्याओं का भी हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। चाहे सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना देना हो या फिर जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसे सरकार से जुड़े अन्य कर्मियों की मांगों को पूरा कर हम उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का भी काम कर रहे हैं। आज हमारे द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है।

## करम आज, उत्सवी माहौल में डूबे लोग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची में आज करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल, रजिस्ट्रार डॉ. जिसू केतन पटनायक, आयोजन समिति के सदस्य एवं सहायक प्रोफेसर राम चंद्र उरांव सहित अनेक गणमान्य शिक्षकों ने शिरकत की।

समारोह में छात्रा साक्षी ने करम और धरम नामक दो भाइयों की पौराणिक कथा का मनोहारी वर्णन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया एक विशेष फैशन शो था, जिसमें झारखंड की पांच प्रमुख जनजातियों - हो, खड़िया, मुंडा, संथाली और उरांव - की विशिष्ट जीवनशैली और पारंपरिक वेशभूषा को दशार्या गया। इस प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने प्रत्येक समुदाय की विशिष्टताओं और उनके जीवन में प्रकृति के महत्व को रेखांकित किया। समारोह में छात्रों के एक समूह ने मनमोहक करम गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने कहा, हमारे विश्वविद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, परंतु यह करम महोत्सव विशेष महत्व रखता है।

### रांची के सभी प्रमुख अस्पतालों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने की तैयारी

**रांची :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, झारखंड के द्वारा शुक्रवार को रांची के प्रमुख प्राइवेट अस्पतालों के साथ शुक्रवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन निदेशालय अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य अभियान निदेशक पवन कुमार (भा.प्र.से) के द्वारा की गई। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में रांची के सभी प्रमुख अस्पतालों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने के संबंध में विस्तार से विमर्श किया गया।






## एक नजर

### चौपारण थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**चौपारण** : प्रखण्ड के जीटी रोड में आए दिन सड़क दुर्घटनाओ में लगातार इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसे में एक महिला सहित 4 युवक घायल हो गए। जिसमें एक युवक को गम्भीर स्तिथि के कारण बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। पहली घटना चौपारण पेट्रोल पंप के पास घटी। जिसमें दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर के कारण बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान पवन कुमार पिता राजदेव भुइँया, ग्राम राजपुर चतरा, अशोक भुइँया पिता रमन भुइँया ग्राम राजपुर जिला चतरा और सुजीत कुमार पिता उदय चौधरी ,शेरघाटी बिहार के रूप में हुई। घायलों को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल लाकर एडमिट किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक का गम्भीर स्तिथि के कारण चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना सियरकोणी के सम्राट होटल के पास घटी जिसमें जीटी रोड बने ठोकर से अनियंत्रित होकर बाइक से फेंका गई। खैरियत था कि पीछे कोई गाड़ी नहीं था। घायल महिला कुंती देवी पति सजंय सिंह ग्राम मसौन्दा, बाराचट्टी बिहार की थी। जिसे एनएचएआई के एम्बुलेंस इएमतिबप्रकाश रजक ने तत्काल प्राथमिक उपचार किया। वहीं तीसरी घटना दनुवा घाटी के हथिया बाबा के पास घटी। जिसमें एक ट्रक आगे चल रहा है एक बाइक को पीछे से धक्का मार दिया।

### एसबीआई एटीएम में चोरी का प्रयास जांच में जुटी पुलिस

**बरही** : बरही प्रखंड मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर एनएच-2 जीटी रोड पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में चोरों ने एक बार फिर चोरी करने का प्रयास किया। चोरों ने एटीएम के शटर को काटने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह कोशिश असफल रही। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चोरों ने बीती रात एटीएम के शटर को काटकर उसमें चोरी करने की योजना बनाई हालाँकि इस बार चोरों को अपने मंसूबों में कामयाबी नहीं मिली। चोर वारदात को अंजाम नहीं दे सके। बताते चलें कि इससे पहले भी 27 जुलाई 2023 को इसी एसबीआई एटीएम में चोरी की एक बड़ी घटना हो चुकी है। उस समय चोरों ने एटीएम मशीन समेत नकदी चोरी करने के साथ-साथ पास खड़ी एक सवारी गाड़ी भी चुरा ली थी। उस चोरी की घटना के बाद भी पुलिस ने छानबीन की थी, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही गश्ती दल भेजा गया था। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### बिजली चोरी के मामले में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही** : बिजली चोरी के गंभीर मामले में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज की गई प्राथमिकी में कई लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। इसमें करसो निवासी बसारत मियां (पिता स्व. उद्दीन मियां), हजारीबाग रोड यूनियन बैंक के पास के शम्भूनाथ सिंह (पिता स्व. जगरनाथ सिंह), केदार नारायण सिंह (पिता जगरनाथ सिंह), धनबाद रोड स्थित गुप्ता कलेक्शन के मालिक राजकिशोर गुप्ता, बरही बीच मुहल्ला की जैनद खातुन (पति मो. रशीद), साबिर हुसैन (पिता जमीर), बरही शांति नगर के धर्म सिंह (पिता जीतन सिंह) और परमहंस यादव (पिता स्व. रामप्रीत यादव) को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

# विधायक उमाशंकर अकेला ने स्क्रीनिंग कमेटी से की औपचारिक मुलाकात, चुनाव के लिए पेश की दावेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी की गतिविधियां तेज हो चुकी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य गिरीश चोड़नकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान हजारीबाग पहुंचे। हजारीबाग सर्किट हाउस में बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी से 2024 विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात की गई। इस अवसर पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने भी स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से औपचारिक मुलाकात की। विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही विधानसभा सीट से अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए



आगामी चुनावों के लिए कमेटी के सामने अपनी बात रखी। विधायक अकेला ने अपनी दावेदारी के पीछे के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका फोकस हमेशा से बरही विधानसभा के विकास पर रहा है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपने क्षेत्र का विकास और जनता के हितों को प्राथमिकता देते है। बरही की जनता के विश्वास ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है और वह इस विश्वास को और मजबूत करना चाहते है। उमाशंकर अकेला ने कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मेरी बातों को धैर्यपूर्वक सुना। मेरा संकल्प बरही विधानसभा का विकास नई ऊंचाइयों पर ले जाने का है और मुझे अपने सभी कार्यकताओं, समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। आपके सहयोग से मैं इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकूंगा। उन्होंने बताया कि बरही की जनता ने कांग्रेस पार्टी पर हमेशा विश्वास जताया है और इसी विश्वास को कायम रखने के लिए पुनः नेतृत्व की जरूरत है। इस मुलाकात में विधायक अकेला के साथ जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, राजू राणा, मीना देवी, संजय यादव, गौतम कुमार, नंदू यादव सहित कई अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। इन सभी ने स्क्रीनिंग कमेटी के सामने विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व पर अपना समर्थन जताया। कार्यकताओं का मानना है कि उमाशंकर अकेला ने अपने कार्यकाल में जनता के बीच मजबूत पकड़ बनाई है और उन्होंने हमेशा अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है। गौरतलब है कि बरही विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का परंपरागत गढ़ माना जाता रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला ने कमेटी के समक्ष यह भी स्पष्ट किया कि उनके नेतृत्व में बरही विधानसभा में कई विकास कार्य हुए हैं और भविष्य में भी वे इसी दिशा में काम करते रहेंगे।

# पार्टी मौका देती है तो कांग्रेस की झोली में सदर विधानसभा सीट की जीत का तोहफा पेश करेंगे : विनोद कुशवाहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ानकर और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य प्रकाश जोशी व पूनम पासवान का आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग परिसदन में शुक्रवार को आगमन हुआ जिसमें विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के साथ मुलाकात कर जानकारी हासिल की गई सभी उम्मीदवारों ने बारी-बारी से मुलाकात कर चुनाव लड़ने को लेकर दावेदारी पेश की और जानकारी साझा किया। बता दें कि हजारीबाग सदर विधानसभा से 34 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने को लेकर अपनी दावेदारी पेश करने को लेकर आवेदन सौंपा है। उसी के मद्देनजर शुक्रवार को



स्क्रीनिंग कमेटी के साथ मुलाकात की गई। हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने भी अपनी उम्मीदवारी को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ मुलाकात कर अपनी उम्मीदवारी को सशक्त बताते हुए कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी काफी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है इसको लेकर पार्टी के आला नेताओं सहित एक आम कार्यकर्ताओं को भी मौका दिया गया है ताकि अपनी उम्मीदवारी को लेकर अपनी दावेदारी पेश कर सके। स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा सभी पहलुओं पर नजर रखते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं की भावनाओं को समझ कर उसकी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे। तत्पश्चात टिकट के उम्मीदवारी को लेकर पार्टी आलाकमान के द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस बार कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर से कार्य कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर व फिक्र किया जा रहा है। ताकि एक मजबूत उम्मीदवार को कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में उतार कर ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव में जीत दर्ज कर सके। इसी को लेकर गहन चिंतन मंथन की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अगर उन्हें हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी सौंपती है तो निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी की झोली में जीत दर्ज कर जीत का तोहफा पेश करेंगे। इस मौके पर स्क्रीनिंग कमेटी में विनोद कुशवाहा के साथ शामिल हुए समर्थकों का दावा है कि विनोद कुशवाहा चुकीं 2005 से लेकर आज तक राजनीतिक समीकरणों को समेटने और कांग्रेस पार्टी की सुदृढ़ीकरण को लेकर लगातार कार्यरत हैं। सदर विधानसभा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक के लोगों तक उनकी पहुंच है।

### करम महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुईं शामिल

**हजारीबाग** : सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। स्थानीय बहनों ने संयुक्त रूप से फुलमाला से उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र के कुद रेलवे स्टेशन एवं रेवाली अखाड़ा में आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय बहनों के संग करमा के गीत पर थिरक कर हौसला बढाया तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने बहनों को संबोधित कर कहा कि हमारी झारखंड की गौरवमयी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत एवं समृद्ध की ओर आगे बढ रहा है। जन- जन तक संस्कृति व सभ्यता की स्मृतियाँ अब पहूंच बना रहा है।

# मुन्ना सिंह ने विस सीट से अपनी दावेदारी पेश की, स्क्रीनिंग कमेटी से की औपचारिक मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर, कांग्रेस पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य गिरीश चोड़नकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान आज हजारीबाग पहुंचे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सर्किट हाउस, हजारीबाग में कमेटी के सदस्यों से औपचारिक मुलाकात की और आगामी चुनावों के लिए हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की। मुन्ना सिंह ने कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹मैं स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरी बातों को धैर्यपूर्वक सुना। हजारीबाग के विकास के लिए मेरा संकल्प अडिग है, और मैं अपने



सभी कार्यकताओं, समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं का भी आभार प्रकट करता हूं जो मेरे साथ मजबूती से खड़े हैं। आपके समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे ले जा पाऊंगा। मुन्ना सिंह विगत एक दशक से अधिक समय से हजारीबाग में एक समाजसेवी के रूप में सक्रिय हैं और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता विशेषकर युवाओं के बीच काफी है। उन्होंने जनता के कल्याण के लिए कई परियोजनाओं को बढ़ावा दिया है और अपने जमीनी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थन में आज सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक सर्किट हाउस पहुंचे, जिससे उनकी दावेदारी को और मजबूती मिली।

# भाजपा नेता ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर, डॉ. अमित सिन्हा ने लोगों से मुलाकात की और उनके समर्थन से खुद को बेहद गौरवान्वित महसूस किया। इस जनसंपर्क अभियान के तहत, डॉ. सिन्हा ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके सुझावों को ध्यानपूर्वक समझा। हर स्थान पर मिले स्वागत और समर्थन ने यह साबित कर दिया कि जनता उनके प्रयासों को सराह रही है और उनके नेतृत्व में विश्वास जता रही है। डॉ. अमित सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा, जनता का यह समर्थन मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। मुझे खुशी है कि लोग हमारी योजनाओं और प्रयासों को सराहते हैं। उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। जनसंपर्क के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें क्षेत्र के विकास, युवाओं के रोजगार और



महिलाओं की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। डॉ. सिन्हा ने इन मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे जनता के साथ मिलकर क्षेत्र को और प्रगति के पथ पर ले जाएंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान विशेष रूप से कोर्ट परिसर में लोगों का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपने सुझाव भी दिए और उम्मीद जताई। जनता ने उनके प्रयासों की सराहना की और आगामी समय में उन्हें अपना समर्थन जारी रखने का वादा किया। समर्थन मिलने से उत्साहित डॉ. सिन्हा ने कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे और हर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।

# बरही स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ठहराव की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया, जिनका कहना था कि हजारीबाग सांसद के माध्यम से उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री से बरही स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की मांग की है। इस मुद्दे पर भाजपा कार्यकताओं ने एकजुट होकर रेल मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बरही, एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में उभर रहा है जो देश को विभिन्न भागों से जोड़ता है। इस शहर के भौगोलिक और आर्थिक



महत्व को देखते हुए यहां वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जरूरी है। उन्होंने बताया कि बरही में इंडस्ट्रियल एरिया और कोबरा 203 समेत कई औद्योगिक इकाइयाँ स्थित हैं, जो इस क्षेत्र को औद्योगिक हब के रूप में विकसित कर रही हैं। ऐसे में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव यहां के स्थानीय उद्योगपतियों और कामकाजी वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित होगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने इस बात पर जोर दिया कि बरही के व्यापारिक और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए यातायात के बेहतर साधनों की आवश्यकता है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेन का ठहराव होने से यहां के लोगों को न सिर्फ तेज और सुविधाजनक यात्रा मिलेगी, बल्कि इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सरकार से अपील कि है कि वे जल्द से जल्द इस मांग पर ध्यान दें और बरही स्टेशन को वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की सूची में शामिल करें। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह मांग सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ी है, और इससे बरही के नागरिकों और व्यापारिक समुदाय को व्यापक लाभ मिलेगा। रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ठ कराया है कि बरही में यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है और यहां वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव न होने से लोगों को असुविधा हो रही है।प्रदर्शनकारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, राजेन्द्र चन्द्रवंसी, युवा भाजपा नेता आकाश जायसवाल, राजकुमार केशरी, मुन्ना यादव, मो टिंकू आलम, बालेश्वर यादव, मुकेश कुमार, बासुदेव यादव, संतोष निषाद, अरविन्द कुमार, कार्तिक भगत, जयप्रकाश केशरी, रंजीत यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी में चलाया जनसंपर्क अभियान



**कटकमसांडी** : हजारीबाग के समाजसेवी वा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत रेबर, होरिया, डांटो खुर्द, आराभूसाई, ढौठवा शाहपुर, झरदाग, कटकमसांडी, और उरीदिरी, इन क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्र की जनसमस्याओं से सीधे रूबरू हुए। जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रदीप प्रसाद ने लोगों को आश्वस्त किया कि आपकी हर एक सुख- दु:ख में सहभागी रहे हैं और आप सभी का आशिर्वाद एवं समर्थन रहा तो खुद को आपकी सेवा में समर्पित कर देंगे। जनसंपर्क अभियान के क्रम में प्रदीप प्रसाद के प्रति क्षेत्र के लोगों में असीम श्रद्धा दिखी। लोगों ने जगह- जगह पर उनका फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया और पूर्ण हमेशा उन्हें पूर्ण समर्थन का संपूर्ण भरोसा भी जताया। सभी कार्यक्रमों में इस बार ग्रामीणों ने सदर विधान सभा से प्रदीप भईया का नारा गूंजा। इस दौरान प्रदीप प्रसाद के साथ मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, महामंत्री बिरेंद्र कुमार बीरू, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, गाड़ोखर मुखिया नारायण साव,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य परमोध यादव, सोहर राणा, सुनीता यादव, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सरयू सिंह, गंगाधर पांडे, संतोष राणा, दिलीप ठाकुर, रामचरित्र पांडे, विजय दांगी, प्रकाश यादव, राजकिशोर प्रसाद, मुकेश कुमार सरयर, लीलो सिंह भोक्ता,बिनोद गिरी, कारू राम, मुनेश ठाकुर, सोनू मोनू, चंदन सिंह, राजेश ठाकुर राजेश यादव, मनीष चौधरी सुन्दर मुंडा, तुलेश्वर यादव, विकाश सिंह, रोहित पांडे, अजीत पांडे, गौतम शर्मा, शंकर सिंह, दीपक यादव, गोलू, मिथलेश केशरी, रंजीत अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मृतक कांग्रेसी के परिजनों का अस्पताल में बकाया एक लाख अंबा प्रसाद की पहल पर हुआ माफ

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड अंतर्गत बारियातू पंचायत के ग्राम पांडेपुरा निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामेश्वर साव जो ब्रेन ट्यूमर बीमारी से ग्रसित थे। उनकी मृत्यु दिन बृहस्पतिवार को देर रात्रि रांची स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल में हो गया । उनके परिजनों का एक लाख का बिल बकाया होने के कारण मृतक के शव को रिलीज नहीं किया जा रहा था जिसकी सूचना परिजनों ने विधायक अंबा प्रसाद को दी जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने अपने निजी सचिव संजीत कुमार को निर्देशित करते हुए अस्पताल भेजा एवं खुद भी दूरभाष के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन को बकाया बिल माफ करने हेतु कहा इसके बाद विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बकाया 1 लाख माफ किया गया तत्पश्चात दिवंगत शव को उनके निवास स्थल भेजा गया। विधायक ने स्वर्गीय रामेश्वर साव की दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार जनों को संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना की है।

### आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी की हुई बैठक




**बड़कागांव** : आजसू पार्टी बड़कागांव प्रखण्ड कमिटी का बैठक आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के आवास गुरु चट्टी बड़कागांव मे किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 22 सितंबर 2024 को बड़कागांव +2 हाई स्कुल के फुटबॉल मैदान मे आजसू पार्टी के द्वारा आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सह शपथ ग्रहण समारोह को लेकर व्यापक चर्चा की गई। जिसमे बड़कागांव प्रखण्ड के हर पंचायत से अधिक से अधिक संख्या मे भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। और इस कार्य के लिए उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को विशेष जिम्मेवारी सौपी गई। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सचिव नागेश्वर तूरी ने कहा कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन बड़का गांव विधानसभा के लिए ऐतिहासिक होगा क्योंकि इस कार्यक्रम में 20000 से भी अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। वही पार्टी के केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि स्थानीय विधायक और झारखंड सरकार के खिलाफ 22 सितंबर को सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हुए बड़कागांव से आजसू पार्टी और झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प लेंगे।

### पिछले वर्ष करम डाली विसर्जन में डूबीं मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 17 लाख



**चौपारण** : प्रखंड में बराकर नदी में चार और एक ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मारने सहित पांच की असमय मौत पर अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव के अथक प्रयास ने पीड़ित परिजनों को राहत मिली है। उक्त बातें सीओ संजय कुमार यादव ने बताया कि हजारीबाग अपर समाहर्ता ने आदेश जारी करते हुए कहा कि चौपारण के चार को 4-4 लाख और एक युवक को एक लाख मुआवजा राशि दिया जाय। यह बात की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिजन को कर्मा पूजा से पहले गम को याद दिलाते हुए आपदा राहत कोष से मिलने वाली राशिसे चेहरे पर चमक झलक पड़ी है। बतादें कि जिले का बरही, चौपारण एवम् चतरा जिला के मयूरहंड प्रखंड को बांटने वाला उतर वाहिनी बराकर नदी 26 सितंबर सोमवार को कर्मा पूजा के उपरांत मंगलवार अहले सुबह में तीन बालिकाओं को अपने आगोश में ले ली थी। जिसमे दिव्या कुमारी 17 पिता सिकंदर यादव, सपना कुमारी 16 पिता सुरेंद्र यादव और सरस्वती उर्फ प्रेमा कुमारी 14 पिता नारायण राणा बराकर नदी में नहाने के क्रम में डूब गई थी। जिससे प्रखंड के बच्छई पंचायत के ग्राम ओबरा सहित पूरे क्षेत्र में हंसी खुशी से बहनों ने करम डाल का पूजा अर्चना कर अपने भाइयों की लंबी उम्र का कामना करने वाला पर्व गम में बदल गया था। वहीं ग्राम पंचायत बच्छई के धर्मदेव यादव 10 अक्टूबर 2023 को बराकर डैम के जलजमाव में लगा मछली पकड़ने वाला जाल में फंसने से मौत हो गई थी। वहीं 26 दिसंबर 2023 शाम को अवैध बालू लगा ट्रेक्टर ने प्रदीप दांगी 23 पिता कैलाश महतो ग्राम बेला को जोरदार टक्कर मार कर असमय मौत की घाट उतार दिया था। इन सभी घटनाओ को प्राथमिकता देते हुए सीओ यादव ने मुआवजा राशि की सारी प्रक्रिया पूर्ण कर जिला मुख्यालय को भेजने के उपरांत अपर समाहर्ता ने आपदा राहत कोष विभाग को जल्द दिव्या, सपना, प्रेमा और धर्मदेव यादव को 4-4 लाख और रन एंड हिट के तहत प्रदीप दांगी को एक लाख देने का आदेश का चिट्ठी प्रखंड को भेजा गया है।

## एक नजर

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को मिली जमानत

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी मो. इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इजहार अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपये के कोल लिंकेज के हेराफेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। ईडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले के तथ्य के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। इस दौरान उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किया गया था। इजहार पूजा सिंघल का करीबी में बताया जाता है। इजहार पर तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सहयोग से अवैध तरीके से रियायती दर पर फर्जी कंपनियों के नाम पर कोयला का आवंटन करा कर उसे ऊंची कीमत पर बाजार में बेचा जाता था। इस तरह करोड़ों रुपये की काली कमाई की जाती थी। इजहार ने कोयले के धंधे में पूजा सिंघल की मदद से अवैध कमाई की।

### पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 21 को


**रांची** : धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 21 सितंबर की अगली तिथि निर्धारित की है। ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी में सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुआ था।

### संजीव कुमार लाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची** : पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को टेंडर कमीशन मामले के आरोपी पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। संजीव लाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने छह मई को छापेमारी के दौरान संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.30 करोड़ रुपए जब्त किये थे। उसी दिन ईडी ने देर रात संजीव लाल एवं जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। सात मई को अदालत में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया था। तब से दोनों जेल में है।

# आंकड़े छुपाने से सच्चाई नहीं बदल जाती : चम्पाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर से हेमंत सरकार को घेरा। चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल एक्स पर कहा है कि वोट बैंक के लिए कुछ राजनैतिक दल भले ही आंकड़े छुपाने का प्रयास करें लेकिन शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर गाड़ लेने से सच्चाई नहीं बदल जाती। हां, वोटर लिस्ट पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी माटी, हमारी जन्मभूमि से हमें ही बेदखल करने में बांग्लादेशी घुसपैठिए काफी हद तक सफल हो गए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की धरती पाकुड़ पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखाएगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि संथाल हूल के दौरान, स्थानीय संथाल विद्रोहियों के डर से अंग्रेजों ने पाकुड़ (झारखंड) में मार्टिलो टावर का निर्माण करवाया था, जो आज भी है। इसी टावर में छिप कर अंग्रेज सैनिक, स्वयं बचते हुये, इसके छेद से बंदूक द्वारा पारंपरिक हथियारों से लैस संथाल विद्रोहियों पर गोलियां बरसाते थे। इस वीर भूमि की ऐसी कई कहानियां आज भी बड़े-बुजुर्ग गर्व के साथ सुनाते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि आज उसी पाकुड़ में हमारा आदिवासी समाज अल्पसंख्यक हो चुका है? उन्होंने कहा कि पाकुड़ के जिकरहट्टी स्थित संथाली टोला और मालपहाड़िया गांव में अब आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है, तो आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गए? उनकी जमीनों, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है? इसके साथ-साथ वहाँ के दर्जनों अन्य गांवों-टोलों को जमाई टोला में कौन बदल रहा है? अगर वे स्थानीय हैं, तो फिर उनका अपना घर कहाँ है? वे लोग जमाई टोलों में क्यों रहते हैं? किस के संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है? इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए आगामी 16 सितंबर को आदिवासी समाज द्वारा पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में 'मांझी परगाना महासम्मेलन' का आयोजन किया गया है, जिसमें हम लोग समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं अन्य मार्गदर्शकों के साथ बैठ कर इस समस्या का कारण समझने तथा समाधान तलाशने पर मंथन करेंगे। इसी दिन बाबा तिलका मांझी और वीर सिदो-कान्हू के संघर्ष से प्रेरणा लेकर हमारा आदिवासी समाज अपने अस्तित्व तथा माताओं, बहनों एवं बेटियों की अस्मत बचाने हेतु सामाजिक जन-आंदोलन शुरू करेगा।

चंपई सोरेन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आप पाकुड़ या आसपास रहते हैं, तो आइये, इस बदलाव का हिस्सा बनिये। हमें विश्वास है कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की यह धरती (पाकुड़) पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखाएगी।

## राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में सीबीआई की रिपोर्ट से कोर्ट असंतुष्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच से संबंधित सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर रांची सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने असंतुष्टि जाहिर की है। कोर्ट ने सीबीआई को दोबारा जांच करने का आदेश देते हुए क्लोजर रिपोर्ट को शुक्रवार को अस्वीकार कर दिया है।

सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दायर की थी। सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती देते हुए शिकायतकर्ता ने विधानसभा कमेटी की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सीबीआई जांच को जारी रखने की मांग की थी। पंकज ने राष्ट्रीय खेल मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण में अनियमितता समिति के विधानसभा कमेटी के संयोजक सरयू राय और सदस्य राधाकृष्ण किशोर की निष्कर्ष और अनुशंसा पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रोटेस्ट दाखिल की थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पंकज यादव ने अदालत का ध्यान परामर्शी का चयन और तत्कालीन खेल मंत्री द्वारा टेंडर खुल जाने के बाद अपने पसंदीदा संवेदक को टेंडर दिलाने की ओर आकृष्ट कराया था। साथ ही तत्कालीन मंत्री सुदेश महतो और उनके आप्त सचिव गोपाल तिवारी का विदेश भ्रमण का मुद्दा भी उठाया था। सूर्य सिंह बेसरा ने विधानसभा कमिटी के सदस्यों से पूछे बगैर क्लोजर रिपोर्ट जमा कर देने पर सीबीआई की मंशा पर सवाल उठाया था।

34वां राष्ट्रीय खेल साल 2011 में रांची में हुआ था। इसके आयोजन के बाद कई तरह की वित्तीय अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामला सामने आये थे। इस मामले की जांच सीबीआई ने की है। यह मामला 457 करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। इस संबंध में आरसी 2/2022 के तहत सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। मामले में सीबीआई ने गत 08 फरवरी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी।

## भाजपा के पास मुद्दा नहीं रह गया इसलिए कम्युनल डेमोग्राफी की बात कर रहे : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : शुक्रवार को झामुमो के कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता सुप्रियों भट्टाचार्य प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा घुसपैठ मामले में हाईकोर्ट में जमा की गई शपथ पत्र का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में एक केस चल रहा है हमारे राज्य में घुसपैठ को लेकर। वो शपथ पत्र को हमने भी पढ़ा। कल शपथ पत्र दायर हुआ। और फिर उसकी सुनवाई अगले मंगलवार को होगी। लेकिन उसके पहले ही एक पॉलिटिकल बयान सामने आ गया बीजेपी का कि डेमोग्राफी चेंज हो गया। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठिया है। भारत सरकार की तरफ से या आधार की जो ऑथोरिटी है उसके तरफ से कहीं इस बार का जिक्र नहीं है कि बांग्लादेश से कुछ लोग संथाल परगना के इलाके में आकर रह रहे हैं। शपथ पत्र में 2011 के सेंसस को एक आधार बनाया गया। उसमें 1961 को बेसलाइन माना गया और 2011 का सेंसस दिया गया। मतलब 50 साल का समय।

उन्होंने शपथ पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें यह भी कहा गया कि तब आदिवासियों की प्रतिशत इतनी थी और मुस्लिमों की इतनी थी और ईसाईयों की इतनी थी और अब ये रह गई। उसमें कहीं संख्या नहीं है। ये छह जिले को लेकर न्यायलय में शपथ पत्र दायर किया। मैं रांची का बहुत पुराना वासिंदे से बात कर रहा था। उनकी उम लगभग 97-98 साल थी। हमने उनसे पूछा कि रांची में लोग कब से आ रहे हैं। तब उन्होंने हमसे कहा कि 1952 से जब एचईसी का निर्माण होना शुरू हुआ तब से लोग आने लगे। उस वक्त रांची में पूरे जिले की आबादी 3 लाख से भी कम थी और आज रांची शहर की आबादी 35 लाख से ज्यादा है। उस वक्त मूलत रांची में आदिवासी सबसे बड़ी कम्युनिटी थी और बंगाली उसके बाद का कम्युनिटि था शहर कए अंदर। लेकिन आज की स्थिति ऐसी है कि बंगाली कम्युनिटी कई कारण से दूसरी सबसे बड़ी कम्युनिटी नहीं है। ये डेमोग्राफी चेंज इन 50 वर्षों में पूरे हिंदुस्तान का हुआ है।

जब देश आजाद हुआ था तब 33 करोड़ लोग थे आज 150 करोड़ है। ये 75 साल का आंकड़ा है। अब भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। चुंकी चुनाव सामने आ रहा है भाजपा के पास मुद्दा नहीं रह गया इसलिए संप्रदायिक डेमोग्राफी की बात कर रहे हैं।

## हाई कोर्ट में वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर दायर याचिका पर हुई सुनवाई




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट राज्य 33 हजार वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के 15 हजार अधिवक्ताओं के लिए ही स्वास्थ्य बीमा करने का निर्णय लिया है।

उनकी ओर से कहा गया कि राज्य में 33 हजार हजार वकील हैं, इन सभी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा वकीलों के परिवार को भी स्वास्थ्य स्कीम से जोड़ने का उन्होंने आग्रह किया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सभी अधिवक्ताओं को ट्रस्टी कमेटी से भी जोड़ दिया जाएगा, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस संबंध में निर्णय लेकर कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। मामले में विदेश कुमार धन ने जनहित याचिका दाखिल कर राज्य के सभी अधिवक्ताओं को हेल्थ बीमा करने का आग्रह किया है।

सात जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के वकीलों के साथ सीधा संवाद किया था। उसी दौरान उन्होंने वकीलों से यह वादा किया था कि वे वकीलों को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा से जोड़ेंगे। इसके बाद कैबिनेट की बैठक में सरकार ने निर्णय लिया कि राज्य के लगभग 15 हजार वकील जो ट्रस्टी कमिटी के सदस्य हैं, उन्हें स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 13 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया है।

## हेमन्त सोरेन बताएं, पांच वर्षों में राज्य में कितने दुष्कर्मियों को हुई सजा : गीता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पूर्व सांसद एवं भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की बहन बेटियों पर लगातार खतरे बढ़ रहे। बेटियां आज असुरक्षित हैं और अपराधी बेलगाम हैं।

गीता कोड़ा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 7000से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इसमें अधिकांश घटनाएं आदिवासी दलित समाज की बहन-बेटियों के साथ घटी है। उन्होंने कहा कि चाहे रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या हो या रुबिका पहाड़िया को 52 टुकड़ों में काट कर फेंकना। अपने घर में सोई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर उसे जलाकर मारना और दरोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचलकर मार देना। ऐसे हजारों जघन्य अपराध पिछले 5 वर्षों में राज्य की महिलाओं की स्थिति को बताते हैं। गीता कोड़ा ने कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही। हेमंत सरकार केलिए बेटियों की इज्जत नहीं वोट बैंक प्रिय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि अबतक कितने बलात्कारियों को राज्य सरकार ने सजा दिलाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में कितने मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियां हेमंत सरकार के कुर्सी मोह को जान चुकी है। इन्हे बेटियों के सम्मान से कुछ भी लेना-देना नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट से नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को झटका

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल एवं सहयोगी राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद नीरज मित्तल एवं राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अलग-अलग जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट में आग्रह किया गया है। वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र पूर्व में दाखिल कर दिया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। दिल्ली से नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया गया था। वही राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टेड एकाउंटेंट हैं। यह दोनों आरोपित फिलहाल ईडी की न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। इन पर निलंबित अभियंता प्रमुख के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

### दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार निवेश की जमानत याचिका खारिज

**रांची** : पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के आर्थिक सलाहकार निवेश कुमार को पीएमएलए कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने निवेश कुमार की जमानत याचिका सुनवाई के बाद शुक्रवार को खारिज कर दी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए सात अगस्त को याचिका दाखिल की थी। विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर उसने दिनेश गोप से ठगी की थी। छह जनवरी 2022 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान उसे धुर्वा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से बड़ी रकम बरामद हुई थी। मामले को ईडी ने टेकओवर किया है। ईडी ने निवेश कुमार को बीते 12 जनवरी को रिमांड किया था। तब से वह जेल में है। उल्लेखनीय है कि धुर्वा निवासी निवेश कुमार ने दिनेश गोप को विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर लाखो रुपए की ठगी की थी। इसके लिए उसने वीडियो कॉल के माध्यम से दिनेश गोप को एक नकली विदेशी हथियारों का फोटो दिखाया और उसे अत्याधुनिक हथियार बताया था।

### पॉक्सो के विचाराधीन बंदी की मौत, रिम्स में हुआ पोस्टमार्टम

**रांची** : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद पॉक्सो एक्ट के विचाराधीन बंदी मो. अजीमुद्दीन की 12 सितंबर को मौत हो गई। शुक्रवार को रिम्स में उनका पोस्टमार्टम किया गया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया है कि गुरूवार को विचाराधीन बंदी मो० अजीमुद्दीन (उम्र लगभग 61 वर्ष) की तबियत ज्यादा खराब हो गयी। जिसके बाद कारा चिकित्सक द्वारा बंदी को विशेष इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। जहां रिम्स के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से 25 लाख का सामान जलकर राख

**रांची** : रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के आव्या इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में शुक्रवार को आग लगने से 25 लाख से अधिक के सामान जलकर राख हो गई। आगजनी का प्रमुख कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। अगलगी में दुकान में रखी फ्रिज, एसी, एलईडी, वाशिंग मशीन, गीजर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पूरी तरह जल गए। दुकान की मालकिन प्रीति सिंह ने तुपूदाना ओपी में आगजनी के खिलाफ सन्हा दर्ज कराया है। संचालक अनीश कुमार सिंह ने बताया कि अगल-बगल के दुकानदारों से सूचना मिली कि आपके दुकान में आग लगी है। सुबह दुकान पहुंचकर जैसे ही शटर खोला गया। वैसे ही अंदर से धुंआ युक्त आग की तेज लपटें शटर की ओर आने लगी। किसी तरह शटर उठा कर देखा, तो समान जल रहे थे। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को सूचना दी गयी। इसके बाद फायर बिग्रेड का दो वाहन मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग बुझाया। लेकिन तब तक सारे सामान जलकर राख हो चुके थे।

### रांची में आठ जगहों पर 35 रुपये किलो प्याज बिकनी शुरू : निधि खरे

**रांची** : केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि प्याज के दाम को नियंत्रित रखने के लिए केंद्र सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। बढ़ते हुए मूल्य पर नियंत्रण के लिए बफर स्टॉक के प्याज को सस्ती दरों पर प्याज बेचने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में शुक्रवार को रांची सहित आधा दर्जन बड़े शहरों में 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री शुरू की गयी है। झारखंड की राजधानी रांची में नेफेड और एनसीसीएफ की तरफ से आठ स्थल चिह्नित किए गए हैं। यहां मोबाइल वैन लगाकर रियायती दरों पर प्याज की बिक्री शुरू की गयी है। खरे ने कहा कि आमलोगों के लिए रांची के कांके रोड (स्पीकर आवास के पास), पिस्का मोड़, मोरहाबादी, चांदनी चौक (कांके), लालपुर चौक, बिरला मैदान, बहु बाजार और बरियातू में मोबाइल वैन के माध्यम से बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता यहां से 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज खरीद रहे हैं। इससे उन्हें मंहगाई से राहत मिल रही है। निधि खरे ने बताया कि नेफेड और एनसीसीएफ की मोबाइल वैन के अलावा विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, सफल आउटलेट और केंद्रीय भंडार पर भी कम मूल्य पर प्याज खरीदा जा सकता है। देश में प्याज की कोई कमी नहीं है। बफर स्टॉक के तहत 4.7 लाख टन प्याज की खरीद की गयी थी। किसानों और व्यापारियों के पास भी पर्याप्त प्याज का भंडारण है। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नजर रखने के लिए 550 केंद्रों पर निगरानी रखी है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। यहां से प्रतिदिन 3 घंटे पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक किसानों, महिलाओं, बच्चों, स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, स्थानीय संस्कृति, सरकारी योजनाओं आदि से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। पचास प्रतिशत कार्यक्रम हिन्दी में होंगे तथा 50 प्रतिशत कार्यक्रमों का प्रसारण स्थानीय भाषा नागपुरी में किया जाएगा। इस रेडियो स्टेशन का कार्यक्रम 107.8 मेगाहर्ट्ज एफएम पर पहाड़ी-पठारी क्षेत्रों में 10 किलोमीटर के रेडियस में तथा मैदानी क्षेत्रों में 20 किलोमीटर के रेडियस में सुना जा सकेगा। यह स्टेशन 50 वॉट एफएम ट्रांसमीटर से युक्त है। सामुदायिक रेडियो से केंद्र या राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों को छोड़कर अन्य प्रायोजित कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं है। प्रसारण हेतु कंटेंट और सामग्री तैयार करने के लिए विभिन्न संकायों में वैज्ञानिकों की समिति गठित की गई है। कार्यक्रम तैयार करने और प्रस्तुति में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

देश का पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन वर्ष 2004 में अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई में स्थापित किया गया था और 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन जुलाई 2024 में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय जनसंचार संस्थान, आइजोल (मिजोरम) में किया था। सामुदायिक रेडियो को समाचार प्रसारण की अनुमति नहीं होती है। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस रेडियो के माध्यम से आसपास के किसानों और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित होगा तथा नई तकनीक और सूचनाओं के माध्यम से उनका सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के लिए विद्यार्थी प्रथम प्राथमिकता होने चाहिए और उन्हें स्तरीय शिक्षा, बेहतर माहौल एवं सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।

## वोट बैंक के चश्मे को उतार कर झामुमो देखे तो उसे केंद्र की एफिडेविट में घुसपैठ साफ दिखेगा : प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को नसीहत दी कि वह तुष्टीकरण और वोट बैंक के चश्मे को खोलकर यदि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा दायर किए गए उच्च न्यायालय में एफिडेविट को पढ़ेंगे तो उन्हें घुसपैठ के विषय में सारा कुछ स्पष्ट हो जाएगा। प्रतुल ने कहा सिर्फ वोट बैंक का तुष्टिकरण की राजनीति के कारण झामुमो सच्चाई से इनकार कर रही है।

प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा उच्च न्यायालय में दिए एफिडेविट के पॉइंट नंबर 35 में स्पष्ट लिखा है कि झारखंड के संथाल परगना के छह जिलों में घुसपैठ पाकुड़ और साहिबगंज के इलाके से हुई जो पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश से नजदीक का इलाका है। इसी बिंदु में यह भी लिखा है कि इन सीमावर्ती जिलों में बड़े संख्या में मदरसे बनाए हैं।

प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार के इसी एफिडेविट में वर्णित है कि 2021 में केंद्र ने राज्य सरकार को दो बार पत्र लिखकर 203 और एक बार 145 घुसपैठिए की सूची सौंप थी। केंद्र ने राज्य को इस पर कार्रवाई करने को भी कहा था। मगर राज्य सरकार उसको दबा कर बैठ गई।प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन राजधर्म नहीं निभा रहे हैं सिर्फ वोट बैंक के राजनीति कर रहे हैं।

प्रतुल ने कहा कि धुर्वा के पुराने विधान सभा मैदान में राम मंदिर के स्वरूप के बन रहे पंडाल को लेकर सरकार जबरदस्ती तनाव उत्पन्न कर रही है। पांच सौ वर्ष बाद रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और यदि राम मंदिर के स्वरूप का भव्य पंडाल बन रहा है तो इस पर सरकार को आपत्ति क्यों? राम मंदिर स्वरूप पंडाल हिंदुस्तान में नहीं तो क्या पाकिस्तान में बनेगा?

प्रतुल ने यह भी कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकिस्तान से आए मुसलमान के लिए किस आधार पर हक मांग रही है? सीएए कानून के तहत इस्लामिक राष्ट्रों में जो पीड़ित अल्पसंख्यक थे उनको नागरिकता देने का प्रावधान था, तो इस्लामी राष्ट्र में मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाता हो इस सोच को तो 21 तोपों की सलामी बनती है।

## एक नजर

### तेतुलमारी में बहू की पिटाई से ससुर की मौत

**धनबाद :** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निछनी गांव में कलयुगी बहू की मारपीट से ससुर अलाउद्दीन अंसारी (60 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के संबंध में अलाउद्दीन की पत्नी नूरजहां खातून ने ईस्ट बसुरिया ओपी में लिखित शिकायत दी है। ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि मृतक की पत्नी नूरजहां खातून ने अपनी बहू नजमा खातून व अन्य लोगों पर उसके पति की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है, जिससे अलाउद्दीन की मौत हो गई। ओपी प्रभारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जहांच कर रही है। दोषी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, शुक्रवार को अलाउद्दीन अंसारी के शव को मिट्टी दी गई। आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### साइबर अपराधी को पकड़ने पहुंची पुलिस पर हमला

**धनबाद :** साइबर क्राइम मामले में पुलिस पर हमला की नामजद अभियुक्त रेखा देवी को पकड़ने के लिए निरसा थाना पुलिस शुक्रवार को कुमारधुबी पहुंची। कुमाधारधुबी ओपी के एएसआई रौशन मिंज के सहयोग से रेखा देवी की तलाश की गयी, लेकिन उसके नाम व पता का सत्यापन नहीं हो पाया। ज्ञाता हो कि 9 माह पहले निरसा के पिठाक्यारी रविदास टोला में पुलिस साइबर अपराधी को पकड़ने गई थी। पुलिस ने साइबर अपराध में लिप्त एक युवक को पकड़ भी लिया। तभी ग्रामीणों की भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। भीड़ में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। भीड़ में शामिल एक युवक ने घटना की रिकॉर्डिंग कर रहे तत्कालीन निरसा थाना प्रभारी डीके यादव का मोबाइल छीनकर भाग गया। हालांकि बाद में मोबाइल उन्हें मिल गया था।

### हस्ताक्षर कराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

धनबाद : कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत भवन के पास नवनिर्मित देवी मंदिर के आसपास साफ9सफाई को लेकर हस्ताक्षर अभियान के दौरान गुरुवार की रात दो पक्षों में विवाद हो गया था। गाली-गलौज के बाद हल्की मारपीट भी हुई थी। सूचना पाकर कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची और छोटन पासवान को पकड़कर ओपी ले गई। बाद में दोनों पक्ष के लोग कुमारधुबी ओपी पहुंचे। वहां भी दोनों पक्षों ने हंगामा किया और आपस में नोंक-झोंक की। एक पक्ष का नेतृत्व मुखिया पति संजय यादव व दूसरे पक्ष का मुखिया प्रत्याशी प्रकाश सिंह, पंसस पति अजय रवानी व अन्य कर रहे थे। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने दोनों पक्षों को समझा शांत कराया। इस संबंध में पंसस अजय रवानी ने ओपी में लिखित शिकायत दी है।

### मृत युवक की हुई पहचान, पत्नी ने दर्ज कराया हत्या का केस

**धनबाद :** धुबी क्षेत्र के केएफएस कारखाना के मुख्य गेट के पास पिछले दिन रेलवे ट्रैक से बरामद युवक के शव की पहचान कर ली गयी है। मृतक की पहचान नीचूधौड़ा कुमारधुबी निवासी जीतेन्द्र पाण्डेय के रूप में हुई है। इधर, मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने कुमारधुबी ओपी में पति की हत्या का मामला दर्ज कराया है, जिसमें एक युवक को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि उसने जीतेन्द्र की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया है। ज्ञात हो कि कोलकाता से गाजियाबाद जाने वाली शब्दभेधी ट्रेन की चपेट में आने से जीतेन्द्र की मौत हुई थी। ट्रेन के चालक ने इसकी सूचना कुमारधुबी स्टेशन मास्टर को दी थी।

# झारखंड निषाद विकास संघ ने झारखंड स्वराज पार्टी के निर्माण का किया एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** समाज के विकास व सामाजिक उत्थान के लिये के लिये न्यू टॉउन हाल धनबाद में झारखंड निषाद विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी पप्पू निषाद ने कहा कि झारखंड स्वराज पार्टी का घोषणा के दौरान कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने की संकल्प के साथ पार्टी का निर्माण की घोषण की ,समाज के उत्थान पर बल दिया ताकि हमारे समाज के लोग भी सांसद विधायक बन सके। निषाद ने कहा कि आज केवट, धीवर, मल्लाह, चौधरी, साहनी, निषाद, कापरी, कैवर्थ, जलछत्री, बिंद, मंडल, कश्यप, चाँय को एक सूत्र में बंधना है। हम किसी के पास टिकट मांगने नही जाएगा,हर विधनसभा में 40,50 हजार से लेकर लाख सवा लाख की। आबादी मौजूद है,समाज के उत्थान के लिये हमलोगों को एकजुट होना होगा। अब हमलोग छलने वाले नही है,समाज अब जाग चुका है,वक्ताओं ने कहा कि लोचन निषाद व समाधान निषाद ने समाज के सैकड़ो मल्लाह के काफिले के साथ सीता चोरी घाट पर फांसी अंग्रेजो ने दिया था,जिन्होंने अंग्रेजो को लोहा का चना चबाने पर विवश कर दिया था। समाज के सभी प्रबुद्ध लोगो को अंग बस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्रीय अध्यक्ष किशोर निषाद ने कहा कि संकल्प लेने की जरूरत पर बल दिया। महापुरुष के मार्ग पर चलकर समाज का विकास करने की बात कही। मूखिया रोबिन चंद्र धीवर ने कहा की समाज के सभी उपजातियों को हक अधिकार दिलाने के लिये सबको आगे बढ़े, बच्चे को शिक्षित बनाये,रामायण ,महाभारत सब पुराणों में निषाद मल्लाह केवट का देन है,हमारी उदारता को लोग कमजोर समझे, 28 में 15 राज्य में हमारे समाज को आरक्षण प्राप्त है, हमलोगों को टुकड़ो में बांटा गया है,पुराणों में हमारे समाज का उदाहरण मिलेगा। जिला अध्यक्ष अनिल केवट ने कहा कि समाज मे एकजुटता के कारण 4 जिला परिषद सदस्य व 10 मुखिया हमारे समाज के लोग है,आने वाला चुनावो में उपस्थित दर्ज करायेंगे। सामाजिक महिला संतोषी आनंद ने कहा कि 3 लाख की आबादी है सब संगठित होकर सांसद विधायक दे सकते है,साथ ही शिक्षा पर जोर दिया। जमशेदपुर के सविता केवर्त ने कहा कि महिलाओं की अपार भीड़ समाज को देख कर लग रहा है। की हमारे समाज की महिला अब किसी से कम नही है। गढ़वा के वक्ता अनिल चौधरी व बिरेन्द्र चौधरी अनुज चौधरी ने कहा कि समाजसेवी, समाजसुधा र ,मूखिया, पार्षद, पत्रकार,जीप सदस्य, भावी विधायक सांसद बन सकते है,सभी को शिशनिक रूप से लोगो को आगे बढ़ने पर बल दिया,समाज के बंचित बंचित को लाभवनवित होने की बात कही,आज वीरांगना फूलन देवी के हत्यारा शेर सिंह राणा जिंदा है,आज अत्यचार जुल्म के खिलाफ लड़ाई की आवश्यकता है। समाज के सभी दिवंगत समाजसेवी व नेताओ के याद में 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त श्रद्धांजलि दी। समाजिक कार्य के बेहतर कार्य करने वालो को निषादराज सम्मान से वरीय पत्रकार जितेन्द्र कुमार जीतु व कुमार अजय, कृषि में बेहतर कार्य के लिये रवि निषाद,अंकिता देवी, आरती देवी, राधा देवी, राखी देवी, रीता देवी, लवली देवी को भी सम्मानित किया गया।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जनसंख्या कानून पर दिया जोर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन जो लगातार भारत सरकार से आन्दोलित एवं मांग करती रही है जनसंख्या कानून बने और हम दो हमारे दो और सब के दो की संकल्प के साथ पूरे देश में अभियान चल रहा है इस आंदोलन को धारदार और मजबूती देने के लिए इस बार का प्रांतीय बैठक 14 सितम्बर 2024 की संध्या 6 बजे से 15 सितम्बर 2024 के संध्या 5 बजे तक लौह नगरी की धरती बोकारो जिला के स्वस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 9 में आयोजित होगा। सेक्टर 9 शिशु मंदिर में प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष भावेश सिंह ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई अनिल चौधरी जी,राष्ट्रीय संयोजक सह बिहार प्रभारी ममता सहगल जी,राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्णमुरारी जी, राष्ट्रीय सह संयोजक कौशल किशोर जी सहित प्रदेश के सम्मानित पदाधिकारियों का आगामी संगठनात्मक योजना व संगठन, विस्तार पर मार्गदर्शन हम सबकों को प्राप्त होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी बोकारो वासियों से अपील की है कि इस ज्वलनशील मुद्दे को विस्तार से सुनने के लिए अपना बहुमूल्य समय राष्ट्र निर्माण के लिए अवश्य दे जिससे झारखंड अग्रिम राज्य बनकर पूरे देश को और भारत सरकार को जनसंख्या कानून बनाने में, जनसांख्यिकी असंतुलन को उखाड़ फेंकने में और हिंदू बहन-बेटियों के साथ हो रहे ।

## सरना धर्म कोड की घोषणा नहीं करने पर आत्म दाह की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चन्द्र मोहन मार्डी सेंगेल मांझी परगना मांडवा प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड।भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जो दिनांक 15 सितंबर 2024 को झारखंड पधार रहे हैं मैं उनका स्वागत करता हूं किन्तु मैं उम्मीद करता हूं कि हम भारत के पन्द्रह करोड़ आदिवासी जो अधिकांश आदिवासी हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई आदि नहीं है हम प्रकृति पूजक हैं इसलिए प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की घोषणा करें। मरांग बुरू (पारसनाथ पहाड़ को जैनों के काब्जे से मुक्त करने की घोषणा करें।अन्यथा मैं आज वीर शहीद बाबा तिलका मुर्मू चौक,जैनामोड़ पर उनकी प्रतिमा के समक्ष यह घोषणा करता हूं कि प्रधानमंत्री के भाषणोपरांत 15.9.2024 को दिन के 2.30 बजे इसी तिलका मुर्मू चौक जैना मोड़ पर आत्म दाह करूंगा। यह मेरा निजी फैसला है। इसके साथ ही झारखंड में संताली को प्रथम राजभाषा की घोषणा करें और आदिवासी गांव समाज में भी संविधान कानून और जनतंत्र को लागू करने की भी घोषणा करें। मौके पर आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू, बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू, पेटरवार प्रखंड सेंगेल वीडियो विजय कुमार मरांडी, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय टुडू आदि लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर डीडीसी ने की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता विषय पर 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाना है। मौके पर उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, जेएसएलपीएस, नगर परिषद, नगर निगम सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप अलग अलग तिथियों पर संचालित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर जानकारी देते हुए अधिकारियों को गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ नियमित रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के जिला समन्वयक आईईसी कॉर्डिनेटर के जिला समन्वक के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियों एवं अभियान के सफल आयोजन को लेकर किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी को जानकारी दी गई। इस दौरान सभी ने स्वच्छता को लेकर शपथ भी ली।

## मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में स्वावलंबन पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** मिथिला अकाडमी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर छात्रों के साथ चर्चा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अमरेंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि अजय चौधरी स्वदेशी जागरण मंच के संपर्क प्रमुख राष्ट्रीय परिषद सदस्य, ददन प्रसाद व्यवस्था प्रमुख उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर एवं किस प्रकार गरीबों को कम किया जाए ,इस बात पर चर्चा किया गया । छात्रों से साथ कुछ बातें साझा करते हुए सिंह ने बताया कि आज भारत देश में रोजाना उपयोग होने वाली वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है। जिसे उपयोग करके विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर हम सभी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य कर सकते हैं। अतिथियों का सत्कार पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर विद्यालय के शिक्षा सचिव श्री यु .सी.झा ने किया। विदित हो कि आज हमारा देश 5 वी अर्थव्यवस्था का देश है । 2047 में जब हम सभी आजादी का सौवी वर्षगांठ मनाएंगे हमारा देश दुनिया में प्रथम स्थान पर होगा । जिसमें आज के बच्चे की भूमिका अहम होने वाली है। इसके लिए अभी से हमें तैयारी करनी होगी और युवाओं को तीसरा मार्ग के और ले जाना होगा स्वदेशी स्वावलंबी अभियान इसके लिए पूरे देश में यह अभियान चला रहा है। सचिव प्रमोद कुमार एवं प्रचार्य अशोक कुमार पाठक अपने संदेश में कहा की बच्चों को दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली स्वदेशी वस्तुओं का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

# खूंटी में थाना और पुलिस कैंपों में जरूरी सुविधा मुहैया करायें अधिकारी: उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में यूनिफाइड कमांड से सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने थाना एवं कैंपों में उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, मूलभूत आवश्यकताओं और आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये। जिले में शैडो एरिया जहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या है, उन क्षेत्रों को चिह्नित कर मोबाइल नेटवर्क लगाने एवं पूर्व से लगे टावर को अपग्रेड करने पर चर्चा की गई। थाना और कैम्पों में लगे सोलर लाइट की मरम्मत या आवश्यकता अनुसार नए सोलर पैनल लगाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। एसी-एसटी और महिला थाना के भवन निर्माण को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया। पेयजल सुनिश्चित कराने के मद्देनजर पुलिस लाइन में चेक डैम निर्माण पर भी चर्चा की गई। वाहनों के पार्किंग को लेकर आवश्यकता अनुसार पार्किंग शेड निर्माण करने का निर्देश दिया गया। कुछ कैंपों में समय-समय पर पेयजल की समस्या होने की जानकारी सामने आई, जिसे लेकर उपायुक्त द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता को कैंपों में पेयजल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। हुंट कैंप के निकट वाहनों की तेज गति से संभावित दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, सीआरपीएफ, एसएसबी, कोबरा बटालियन के पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेता रोहित ने मांगा जनता के लिए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



**धनबाद:** शुक्रवार को कतरास केशलपूर में आयोजित श्री श्री गणेश पूजा समिति के सदस्यो ने कांग्रेस नेता रोहित यादव का किया जोरदार स्वागत आज अपने समर्थकों के साथ केशलपूर गणेश पूजा प्रांगण पहुंचे श्री रोहित यादव श्री यादव ने श्री गणपति से मांगा बाघमारा की जनता के सुख समृद्धि का आशीर्वाद कार्यक्रम में भरत शर्मा, संजय भगत,बाबू बर्मन, वसीम , सोना डे, अभिषेक साव,विकाश ,गणेश राहुल,सुमित, राजीव,गोलू, गगन पंडित, सुभाष, प्रकाश तथा गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष और सचिव के साथ सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे ।

### बच्ची के अपहरण का असफल प्रयास



**बोकारो:** बीती रात कुछ अपराधियों द्वारा एक 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण करने का असफल प्रयास किया गया। हलांकी यह घटना पीड़िता के परिजनों के ततपरता से टली। यह घटना सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के तेतुलिया बस्ती की है। पीड़ित बच्ची के पिता श्यामसुंदर यादव ने बताया कि मंगलवार की रात साढ़े 10 बजे अपनी माँ के साथ बच्ची दरवाजे के पास खड़ी थी ताकि उसीवक्त लाइन कटी हुई थी, तभी बच्ची को दरवाजे पर बच्ची को छोड़कर घर मे घुसी की बच्ची की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद देखी तो उनके बच्ची को कुछ लोग मारपीट करते घिसाताते ले जा रहे थे, तभी शोरगुल होते देख अपराधी बच्ची को छोड़कर भागने मे सफल हो गये। इसके परिजन बच्ची को लेकर महिला थाना बोकारो पहुंचे जहां से उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। हालांकी प्राथमिकी अबतक दर्ज नहीं हुई है। यह मामला भूमि विवाद से जुडा बताया जा रहा है।

### डीपीएस बोकारो में मना हिन्दी दिवस, पत्रिका स्वरा का हुआ विमोचन



**बोकारो:** हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी की अंत:भावना है। देश में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली हिन्दी समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोती है। हमें हिन्दी बोलने में गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। यह बातें दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहीं। वह शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सर्वव्यापकता, सरलता, प्रचुर साहित्य-रचना, वैज्ञानिकता व भावों को व्यक्त करने के सामर्थ्य सहित हिन्दी में वे सभी गुण हैं, जिनकी बदौलत इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा मिला है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में विशेष प्रार्थना-सभा आयोजित की गई, जिसकी सभी कार्यवाही हिन्दी में संपन्न हुई। कार्यक्रम के शुरू में छात्रा आराधना सिंह ने सुविचार, अनुष्का आर्या ने समाचार-वाचन, शिप्रा हेम्ब्रम ने हिन्दी की व्यापकता पर लघु भाषण व हर्षिता ने स्वरचित कविता पाठ कर सबकी सराहना पाई। विद्यार्थियों ने हिन्द देश के निवासी, साथी हाथ बढ़ाना समूह-गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यालय के हिन्दी विभाग की ओर से तैयार वार्षिक हिन्दी साहित्यिक पत्रिका स्वरा के नए अंक का विमोचन किया गया। प्राचार्य ने पत्रिका के ई-संस्करण का भी अनावरण किया।

### राजगंज में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन 22 को



**धनबाद :** जदयू का टुंडी विधानसाभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 22 सितंबर को राजगंज में होगा। सम्मेलन की सफलता को लेकर तोपचांची प्रखंड के हीरापुर स्थित यूथ फोर्स कार्यालय में शुक्रवार को जदयू कार्यकताओं की बैठक हुई। प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने कहा कि जदयू लंबे समय से टुंडी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गरीब, मजदूर, किसान, छात्र व नौजवानों की लड़ाई लड़ते आ रहा है। इस बार टुंडी की जनता परिवर्तन चाहती है और जदयू की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में बैठक कर सभी बूथों से कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, संजय डे, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, मिट्ठू रजवार, तारा बाबू, काजल देवी, सोनाली उपाध्याय, सत्यनारायण सिंह,प्रफुल्ल मंडल, नुनु मनी सिंह, गोपी चौबे, हराधन साव, संतोष साव, सोहन राय, बिनोद सिंह, केदार सिंह, पंचानंद गोप, महेंद्र मौहली आदि मौजूद थे।

### राष्ट्र व समाज की आत्मा है हिंदी : परियोजना प्रमुख

**धनबाद:** डीवीसी मैथन परियोजना में शुक्रवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डीवीसी के कार्यपालक निदेशक सह मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने किया। उन्होंने कार्मियों के लिए जारी संदेश में कहा कि राष्ट्रभाषा हिंदी राष्ट्र व समाज की आत्मा है। हिंदी हमेशा से भारत की एकता को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम रही है। उन्होंने कर्मियों एवं अधिकारियों से कार्यालय के अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने की अपील की। कहा कि हिंदी भाषा हमारी मां के समान है। इस भाषा पर हमें गर्व है। देश ही नहीं विदेशों में भी हिंदी बोलीं जाती है। सीनियर जीएम राम स्नेह शर्मा ने कहा कि अपनी भाषा के प्रति लगाव और अनुराग राष्ट्र प्रेम का ही एक रूप है। देश की सारी भाषाएं और बोलियां हमारी धरोहर हैं। वरिष्ठ महाप्रबंधक अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि देश की पहचान हिंदी से है।

# राष्ट्र को एक सूत्र में जोड़ती है हिन्दी भाषा



रमेश सर्राफ धमोरा

हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी है। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा है। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान है।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दशार्ता है। पिछले 71 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है।

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।




हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है।

हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध बिधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### बयान पर विवाद

राहुल गांधी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया। वह आजकल अमेरिका की यात्रा पर हैं। वहां नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार छीन ली गई। हमारे विधायक खरीद लिए गए, उन्हें फंसा दिया गया। वह विदेशी मंच से लगातार मोदी सरकार, भाजपा और आरएसएस पर हमले कर रहे हैं जिससे ये सब तिलमिला गए हैं। आरक्षण संबंधी उनके बयान पर भी राजनीतिक भूचाल मचा हुआ है। भाजपा ने सवाल उठाया कि वह कैसे विपक्ष के नेता हैं, जो विदेश में जाकर देश को बदनाम करते हैं। राहुल ने सिखों के लिए कहा था कि वे जिस लड़ाई में हैं, उसमें सिखों को भारत में पगड़ी और कड़ा पहनने की इजाजत देने की मांग भी शामिल है। इस पर सिखों ने उनके दिल्ली निवास पर भारी प्रदर्शन किया। गांधी ने आरएसएस के विचारों में तमिल, मराठी, बंगाली और मणिपुरी जैसी भाषाओं को कमतर बताया तथा कहा कि हर राज्य का अपना इतिहास और परंपरा होती है। आरएसएस पर इनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। आरोप गलत नहीं हैं कि राहुल गांधी की विदेश यात्राएं पिछले कुछ वर्षों से लगातार विवादों में रही हैं। कंबोडिया से लेकर दक्षिण कोरियाङ्क ब्रिटेन, इटली तक की यात्राओं के दौरान उन्होंने ऐसे बयान दिए जिनसे देश में खासा विवाद पैदा हुआ। कहना गलत नहीं होगा कि यह उनकी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद वह पहली बार विदेश यात्रा पर हैं। आम चुनाव में भाजपा की सीटें कम होने और विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की बनिस्बत अधिक सीटें प्राप्त होने से भी राहुल का उत्साह बढ़ा है। वह लगातार जनता को प्रभावित करने और सरकार के कामकाज पर कड़ी टिप्पणी करके अपनी स्थिति मजबूत करते नजर आना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव से भी इसे जोड़.कर देखे जाने की जरूरत है। बात चुनावी रणनीति की हो या जनता को प्रभावित करने के पैंतरे अपनाने की, राहुल को देश की गरिमा और प्रतिष्ठा का ख्याल रखना सीखना होगा। व्यक्ति विशेष, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और सत्ता दल की आलोचना करना उनका उत्तरदायित्व है। आलोचनात्मक रवैये और प्रतिरोध के लिए संसदीय मार्ग हमेशा उनके पास है। समय और स्थान का सम्मान करते हुए बयान देने के प्रयास भी राहुल गांधी को करने होंगे।

## चिंतन-मनन


### जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शाश्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें। ताकि हमारे भीतर शांति का खजाना मिले। इससे हमारे अंदर शांति तो आएगी ही साथ ही हम दूसरों को भी शांति प्रदान कर सकेंगे।

# स्मृति शेष : वामपंथियों के अटल बिहारी जैसे थे येचुरी



राकेश अचल



जाना सभी को है ,लेकिन जिस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी गए हैं वो सबसे कठिन दौर है और इस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी की बहुत जरूरत थी। सीताराम येचुरी का जाना फिलाहल एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है ,जिसे भरने में कुछ वक्त तो लगेगा ही।

मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक थे सीताराम येचुरी । सीताराम से पहली राम-राम कब हुई मुझे याद नहीं ,लेकिन वे जब भी ग्वालियर आये ऐसे मिले जैसे बरसों स बिछुड़े हुए हों। सहज,सरल ,सौम्य सीतारम येचुरी से मिलना सुखानुभूति से भर देता था। वे भयंकर अध्येता थे और भाषण देते - देते उनके भीतर का आक्रोश कब उनकी मोटी नाक पर झलकने लगता था उनकी उत्तेजना में भी सौम्यता टपकती थी।

कोई माने या न माने लेकिन मुझे वे वामपंथियों के अटल बिहारी बाजपेयी लगते थे। उनकी सभी दलों के नेताओं से दोस्ती थी,जिनसे दोस्ती नहीं थी उनसे भी उनका संवाद था ,लेकिन वे अपनी विचारधारा पर हिमालय की तरह डटे रहने वाले कम्युनिष्ट थे। मै तमाम कम्युनिष्ट नेताओं से मिला हूँ। पुरानी पीढ़ी के कामरेड वी टी रणदिवे और कामरेड हरिकिशन सिंह सुरजीत से भी मै मिला हूँ। उनके साथ लम्बी गपशप की है ,लेकिन सीतारम येचुरी इस कड़ी में सबसे अलग कामरेड थे। कोई आधी सदी तक उन्होंने अपनी पार्टी के माध्यम से देश की सेवा की ,और जमकर की।

मुझे याद आता है इमरजेंसी का वो दौर जब सीताराम येचुरी माकपा के मंच पर एक युवा नेता के रूप में उभरे थे । आपाताकाल में वे जेल गए और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने निंदा पत्र पढ़ा था। अब न इंदिरा गांधी जैसा कोई प्रधानमंत्री हो सकता है और न सीता जैसा कोई युवा नेता। कम्युनिस्ट रहने के बावजूद सीताराम येचुरी सिद्धांतवादी रहे लेकिन उन्होंने कभी भी हठधर्मी नहीं नहीं दिखाई।

उन्होंने 2015 से पार्टी की अगुवाई कर रहे थे । मुझे याद आता है कि सीताराम 1992 से पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य थे. कम्युनिस्ट होते हुए भी वो एक मध्यमार्गी नेता की तरह थे जिन्हें थोड़ा उदारवादी और बीच का रास्ता अपनाने वाला माना जाता था।

सीताराम ने अपनी पार्टी का नेतृव उस समय सम्हाला था जब पूरे देश में माकपा का सूरज ढल रहा था,लेकिन वे निराश नहीं थे । मै जब भी उनसे मिला वे कहते थे कि सिर्फ पार्टी के सामने ही नहीं बल्कि देश के सामने भी बड़ी चुनौतियां हैं. हाल के दिनों में जो हमारी हार हुई है उसके सुधारने के लिए हमें जनाधार सुधारने की जरूरत है। जब वे पहली बार पार्टी के मुखिया बने तब उन्होंने कहा था कि हमें पार्टी को स्वतंत्र रूप से और मजबूत करना होगा यहीं हमारी प्राथमिकता होगी. हमें इसके आधार पर जनआंदोलन छेड़ते हुए जनता के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना है। सीताराम येचुरी राजनीति में गठबंधन के धर्म और उसकी जरूरत को समझते थे । वे अक्सर कहते थे कि देश के अलग-अलग प्रांतों में हालात समान नहीं हैं ना ही मुद्दे समान हैं। इसीलिए अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग गठबंधन की गुंजाइश है। उन्होंने इस दिशा में कोशिश भी की।


सीताराम येचुरी जमीन की हकीकत से वाकिफ थे,उन्हें अपनी पार्टी की ताकत का भी अहसास था। उन्होंने कहा था की 2024 के चुनावों में हमारा पहला लक्ष्य है कि आरएसएस और भाजपा की सत्ता को हटाना है हम समझते हैं देश की जनता और एकता और अखंडता के लिए ये अनिवार्य है। यही बात इन्होने 2019 के आम चुनावों से पहले भी दोहराई थी ,लेकिन इत्तफाक देखिये कि दोनों ही आम चुनावों में उनका सपना पूरा नहीं हो पाया ,लेकिन वे विपक्ष की मजबूती से खुश भी थे और उत्साहित भी थे।

मुझसे उम्र में कोई सात साल बड़े कामरेड सीताराम एचडी से मेरी मुलाकात एक पत्रकार के रूप में दर्जनों बार हुई। वे जब भी ग्वालियर आते थे ,तब शायद ही कोई ऐसा अवसर रहा हो जब मै उनसे न मिला हूँ। माकपा के हमारे पुराने साथी कामरेड शैलेन्द्र शैली और बदल सरोज ने उन्हें न जाने कितनी बार ग्वालियर बुलाया । वे हर संघर्ष में ग्वालियर के साथ रहे। जैसा कि मैंने कहा कि सीताराम येचुरी से मिलना अपने किसी सखा से मिलने जैसा था । वे बातचीत में कभी ये महसूस ही नहीं होने देते की वे एक बड़े नेता है। उनका पहनावा ,उनका खानपान एक दम सहज ई। अक्सर ऐसा लगता की सीताराम येचुरी बोलते रहें और हम सुनते रहे। उनकी हिंदी का उच्चारण बड़ा मीठा था । हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं थी ,लेकिन उन्होंने हिंदी को कभी अपने सम्पर्कों में अवरोध नहीं बनने दिया। वे देश के राजनितिक मंचों पर सभी के साथ खड़े नजर आते थे। विपक्षी एकता के लिए उनकी कोशिशें अविस्मरणीय मानी जायेंगीं। इस कोशिश में यदाकदा उन्हें अपनी पार्टी में असहमतियों का समाना करना पड़ा होगा लेकिन वे रुके नहीं। थके नहीं।


दिल्ली में दो सीतारमण को जानता था । दोनों ही जेएनयू के थ। एक सीतराम बिहारी थे और एक तमिलनाडु के। कामरेड सीताराम येचुरी जल्दी चले गये । अभी उनके जाने की उम्र नहीं थी ,लेकिन उन्हें जाना था। वे अपने साथ यश,कीर्ति के अलावा कुछ नहीं ले गये । अपनी देह भी नहीं। उनकी इच्छा के अनुसार इनकी पार्थिव देह भी एम्स के छात्रों के शोध अध्ययन के लिए समर्पित कर दी गयी। वैसे भी उनके पास अपना कुछ था भी नहीं। उनका छोटा और सुखी परिवार जरूर था। लेकिन कोरोना ने उनके इस सुख को छीन लिया था। कोरोना से सीताराम येचुरी के बड़े बेटे आशीष का निधन हो गया था , वह महज 35 साल के थे। दीगर नेताओं की तरह उनका परिवार कभी उनके आगे -पीछे नजर नहीं आता था। सब अपने-अपने काम में व्यस्त रहते थे।

कामरेड सीताराम येचुरी केवल एक राजनेता ही नहीं थे बल्कि वह अर्थशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और लेखक भी थे । वह विभिन्न अखबारों को लगातार कॉलम लिखते रहे। राजनीति में भी उनकी राय को अहम माना माना जाता है। उन्होंने कई किताबें लिखी है, इसमें ह्ययह हिन्दू राष्ट्र क्या हैह्न, घृणा की राजनीतिह्न, ह्न21वीं सदी का समाजवादह्न जैसी किताबें अहम मानी जा रही है। मेरी स्मृतियों में वे लमबे समय तक रहने वाले है।

# संघ प्रमुख ने दिया धर्म की व्यापक अवधारणा पर जोर



कृष्णमोहन झा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विद्वान सरसंघचालक मोहन भागवत ने धर्म को लेकर अपने विचारों को विभिन्न अवसरों पर इतनी साफगोई और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया है कि आप उनमें असहमति की कोई गुंजाइश नहीं खोज सकते। हाल में ही उन्होंने मिलिंद पराड़कर द्वारा लिखित एक शोध पूर्ण ग्रंथ ' तंजावरचे मराठे' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से धर्म को जिस तरह परिभाषित किया उससे समारोह में मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सके। भागवत ने कहा कि धर्म का अर्थ केवल पूजा पाठ नहीं है बल्कि धर्म तो एक व्यापक अवधारणा है जिसमें सत्य , करुणा और तपश्चर्या सम्मिलित हैं। अपने भाषण में भागवत ने हिंदू शब्द को एक विशेषण बताया जो विविधताओं को स्वीकार करने का प्रतीक है। यह वसुधैव कुटुम्बकं के विचार को आगे बढ़ाने के लिए आया। भागवत ने कहा कि धर्म सृष्टि के आरंभ में था और सदैव उसकी आवश्यकता रहेगी। कुछ तत्व हैं जो वैश्विक मंच पर भारत के उदय से भयभीत हैं। वे नहीं चाहते कि भारत आगे बढ़े इसलिए इसके मार्ग में बाधा खड़ी कर रहे हैं परन्तु उनसे डरने की जरूरत नहीं है। छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में भी यही स्थिति थी तब धर्म की शक्ति का प्रयोग करके उन ताकतों से निपटा गया था। मोहन भागवत ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि अतीत में भारत पर बाहरी आक्रमण बड़े पैमाने पर होते थे इसलिए लोग सतर्क रहते थे परन्तु अब ये आक्रमण विभिन्न रूपों में हो रहे हैं। भागवत ने भगवान राम के हाथों ताड़का वध और भगवान कृष्ण के द्वारा पूतना वध की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूतना मौसी बनकर कृष्ण को स्तन पान कराने आई थी परन्तु कृष्ण ने उसका अंत कर दिया। संघ प्रमुख ने कहा कि जिन लोगों को इस बात से डर लगता है कि भारत की प्रगति से उनके कारोबार बंद हो जाएंगे ऐसे तत्व भारत की प्रगति के मार्ग में बाधाएं पैदा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से हमले कर रहे हैं चाहे वे शारीरिक हों तो अदृश्य लेकिन उनसे डरने की जरूरत नहीं है। उनके प्रयास सफल नहीं होंगे। शिवाजी के समय में भी यही स्थिति थी। जब भारत के उत्थान की कोई उम्मीद नहीं थी संघ प्रमुख ने जीवनी शक्ति को राष्ट्र का आधार बताते हुए कहा कि यह धर्म पर आधारित है जो सदैव रहेगा। संघ प्रमुख ने भारत को बहुत भाग्यशाली और धन्य देश बताते हुए कहा कि महापुरुषों और संतों के आशीर्वाद से अमर हुआ है। इसीलिए थोड़ा बहुत भटकने के बाद यह पटरी पर आ गया है । यह ईश्वरीय वरदान हमें विशेष उद्देश्य के लिए मिला है क्योंकि ईश्वर ने हमें बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

## एक नजर

### जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बरहरवा :** प्रखंड में शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने बरहरवा फरक्का मुख्य पथ पर बरहरवा से लेकर बंगाल सीमा तक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मिजार्पुर फुटानी मोड़ पर स्थित खनन विभाग के चेक नाका पर भी कुछ देर तक रुककर जांच अभियान चलाया।सूत्र बताते हैं कि इस दौरान उन्होंने फरक्का से बरहरवा की ओर फ्लाई ऐश ले जा रहे कुछ वाहनों को रोक कर उसके कागजातों का भी जांच किया एवं सही पाए जाने पर वाहनों को छोड़ दिया गया। पिछले कई दिनों के अंदर जिला परिवहन पदाधिकारी इस पथ पर निरंतर चेकिंग अभियान चल रहे है जिस कारण से मानिंग चुराने वाले ट्रक मालिकों में हड़कम मचा हुआ है। इस दौरान उनके साथ रोड सेफ्टी मैनेजर नीरज कुमार भी उपस्थित थे।

### देर रात्रि वाहन जांच अभियान चलाया गया



**साहिबगंज :** देर रात्रि मिजाचौकी चेकपोस्ट में वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान में मालवाहक वाहनों को निरीक्षण किया गया, साथ ही चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के संधारित पंजी की जांच की गई। सारे वाहनों का दस्तावेज जांच किया गया एवं 2 वाहनों को जप्त किया गया। सभी मालवाहक ड्राइवर को बताया गया की वाहन परिचालन ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण पत्र इत्यादि वैध दस्तावेज लेकर परिचालन करें। इस अभियान में मोटरयान निरीक्षक साहिबगंज विमल किशोर सिंह, परीक्ष्मान मोटर यान निरीक्षक अभिषेक मुंडा, कार्यालय कर्मी अमन कुमार एवं मिजाचौकी एएसआई विजय कुमार दुबे मौजूद रहे।

### नाले का पानी सड़क पर बहने से ग्रामीण परेशान



**साहिबगंज:** जिला के पतना प्रखंड में चुने गए जनप्रतिनिधि या सरकारी कर्मचारी दोनों का एकमात्र उद्देश्य होता है गरीब तथा जरूरतमंद जनता की मदद करना। उनके लिए तमाम विकास के वो संसाधन विकसित करना जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी आसान बन सके। लेकिन कई बार कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण यह विकास विनाश का स्वरूप ले लेती है और लोगों की मुसीबतें और बढ़ जाती है। बताते चलें कि पतना प्रखंड अंतर्गत शिव पहाड़ पंचायत के पंचायत भवन के सामने 24 घंटे नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिसे आम लोगों को चलने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों का आना-जाना इसी रास्ते से होता है। ना चाहते हुए भी उन्हें इस नाली के गंदे पानी के जरिए होकर गुजरना पड़ता है। पूजा पाठ करने जाने वाले लोगों की मुसीबतें तो और बढ़ जाती है, उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा कि तमाम लोगों को नल का बहता पानी दिखाई दे रहा है, लेकिन पंचायत सचिव ने अपनी आंखें बंद कर ली है। सड़क के ऊपर पानी बहने को ही वह विकास समझते हैं। अत: ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि मामले में तुरंत संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें ताकि स्थानीय ग्रामीणों को इस जी के जंजाल से मुक्ति मिल सके।

# हाथी प्रभावित गांवों में भाजपा नेता विनोद राय ने किया हैलोजेन लाइट का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र के दुलमी,ओड़ीया ,दयापुर आदि हाथी प्रभावित गांवों में भाजपा नेता सह भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राय ने स्ट्रीट हैलोजेन लाइट का वितरण किया । हाथी प्रभावित क्षेत्रों के प्रमुख ग्रामीणों, वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में स्ट्रीट हैलोजन लाइट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन लाइटों के लगने से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए काफी उपयोगी होगा। वहीं विनोद राय ने कहा कि हाथी और अन्य वन्य जीवों से बचाव के लिए ये लाइटें महत्वपूर्ण साबित होंगी, क्योंकि हाथी क्षेत्रों में आने से लाइट से बचते हैं ।जहां रोशनी होती है हाथी वहां पर कम ही जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने लंबे समय से इस सुविधा की मांग की थी, जिसे आज पूरा किया गया। इस वितरण के अंतर्गत दुलमी, दयापुर, उड़िया, उदाटांड, कुमारी और बनगोरा जैसे गांवों में स्ट्रीट हैलोजन लाइटें लगाई गईं। यह कदम ग्रामीणों की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा जा रहा है। मौके पर आकाश महतो, दिपक रंजन महतो, सनातन प्रामाणिक, अजीत सिंह मुण्डा, नीधुराम कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** मध्य विद्यालय बांकादा में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पटमदा-बोड़ाम अंचल की एक संयुक्त बैठक डॉ. समीर कुमार के अध्यक्षता में हुई। बैठक में 21 सितंबर से जिला संघ द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाया गया। आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को शामिल होने के लिए अपील किया गया। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रोन्नति सूची तैयार होने के बावजूद शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं देने के कारण शिक्षक बाध्य होकर धरना-प्रदर्शन अपनाया है। इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। 21 सितंबर को जिला कार्यालय से प्रोन्नति संबंधित लिखित आश्वासन नहीं मिलने पर उक्त धरना-प्रदर्शन क्रमिक अनशन के रुप में परिवर्तित हो जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिल कुमार गिरि, पशुपति महतो, गोपाल कृष्ण साव, डॉ समीर कुमार, अमियो दत्ता, देवेन्द्र नाथ सिंह, यशवंत सिंह, राखाल रजक, दुखुराम सिंह, जगदीश प्रसाद मंडल, कृष्ण चंद्र दास, वीरेश नायक, मंगल सिंह, सुधीर चंद्र मुर्मू, सीमा रानी महतो, दिलीप कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## साहिबगंज में अति दुर्गम पहाड़ी गांव में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोरियों के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिजाचौकी के अंतर्गत मलेरिया से प्रभावित अति दुर्गम पहाड़ी गाँव सिमरिया में डॉङ्क सत्तीबाबू डाबडा जिला वी.बी.ड. सलाहकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास सर्वे एवं पीवीटीजी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे मेडिकल टीम के द्वारा सभी बुखार पीड़ित रोगियों को मलेरिया जाँच किया गया एवं धनात्मक पाए गए सभी रोगियों को उपचार भी किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मलेरिया जाँच के साथ-साथ सभी तरह के स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया गया। साथ ही डॉ सत्तीबाबू डाबडा जिला वी.बी.डी. सलाहकार के द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए की किसी भी गांव में मलेरिया फैलने की सुचना प्राप्त होते ही तुरंत उस गांव में मेडिकल टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगा कर सभी बुखार से पीड़ित रोगियों का ईलाज किया जाए। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया फैलने के कारण, लक्षण, उपचार एवं बचाव आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। लोगों को अपने घर के आस-पास, साफ- सफाई रखने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर ठंडा कर पीने, किसी को भी बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जांच करवाने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़ -फुक ओझा गुनी जड़ी- बूटी के चकर में ना पड़ने आदि की सलाह दिए। साथ ही उक्त गांवों में आईआरएस कीटनाशी छिड़काव एवं फॉगिंग भी किया गया। मौके पर प्रवीर कुमार सिन्हा एमटीएस, चन्दन कुमार एमपीडबल्यू, ओमप्रकाश मंडल एमपीडबल्यू, गेनालाल मंडल एपीडबल्यू, सहिया आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के मिजार्पुर एवं बरारी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभआरंभ किया। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने कहा कि पंचायतों में शिविर लगाकर आम लोगों से संबंधित योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करना और आवेदन का त्वरित निष्पादन भी करना है इसलिए सरकार आप के द्वार आई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की हम जनता के हितों के प्रति दृढ़ संकल्पित है और ग्रामीणों की समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। साथ ही कार्यक्रम आगे बढ़ते हुए को 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास अपने संबोधित मे बताया कि महागठबंधन कि सरकार के एक लक्ष्य के तहत समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचने का काम कर रही हैं। शिविरों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए और योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया। मौके पर बरहरवा प्रखंड की प्रमुख, नेहाल अख्तर, प्रमित तिवारी, कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीबीकेएसएस के उपाध्यक्ष तरुण महतो ने किया करम पर कार्यक्रम का शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू :** कुकड़ू प्रखण्ड अन्तर्गत दयापुर गांव में JBKSS/JLKM के केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो के द्वारा फीता काट कर करम परब के अवसर पर झुमुर का शुभारंभ किया गया। बता दें कि झारखण्ड के विभिन्न जगह पर करम परब मनाया गया। जो की इस परब का जुड़व सीधा प्राकृतिक से है तथा ये भाई व बहन के बीच के प्यार को दशार्ता है इसीलिए करम परब को धूम धाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तरुण महतो, मुखिया, पंचस एवं सम्मानित सदस्यों को पिला गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस करम सह झूमूर कार्यक्रम में पूर्व मुखिया पाहाड़ सिंह मुंडा, पंचस गौरांग दत्ता, महेश्वर जी, सिमांत जी, शत्रुघन जी, धीरेंद्र जी, प्रमेश्वर जी, भैरव बनर्जी, मिहिर जी, मुचीराम जी, नकुल महतो, नेपाल महतो, गुरुपद महतो, रूपेश बनर्जी, रूपेश वर्मा, सुधांशु, राजेश, इंद्र महतो, गणेश जी आदि उपस्थित हुए।

# हरित ग्राम अभियान के तहत डीडीसी ने किया पौधरोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पेड़ पौधा से ऑक्सीजन के साथ फल फूल मिलता और पर्यावरण वातावरण हरा भरा रहता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्कूल, कॉलेज, थाना कैंपस में साफ सफाई व पौधारोपण किया जाएगा उक्त बाते डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा। गंगा मिशन कोलकाता की ओर से गंगा हरित ग्राम अभियान के तहत शहर के भरतीया रोड स्तिथ बाबूलाल नंदलाल बोरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में पौधा वितरण सह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि गंगा हरित ग्राम अभियान के तहत फलदार पौधा वितरण का कार्य सराहनीय है। स्कूल कॉलेज जहां कैंपस है इस अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितंबर से दो अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम जिसमे साफ सफाई से लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम चलाए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन और गंगा मिशन गंगा हरित ग्राम अभियान दोनो को साथ लेकर चलेंगे। इस अभियान से जुड़कर अच्छा लगा। वहीं कहा कि जीवन के लिए सांस सर्वोच्च प्राथमिकता है। गंगा मिशन शहर में सांसें बांट रहे हैं। हर सांस हर पेड़ का मूल आधार और जीवन को प्रदान कर रहा है। पेड़ों की संख्या घट रही है सांस लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। पेड़ सांस के साथ मिट्टी पृथ्वी को स्वस्थ रखता है। पेड़ शांति सुकून हरियाली और पर्यावरण को शुद्ध पोषक तत्व प्रदान करते हैं। अपने खुशी के मौके पर एक पेड़ अवश्य लगाए। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्राचार्य ने कहा कि पेड़ है तो हम है, एक एक बच्चे पेड़ लगाए, पर्यावरण वातावरण को हरा भरा बनाए। साहित्यकार सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि पहले साहिबगंज में जिधर नजर उठाए उधर हरियाली रहती थी। बारिश भी खुब होता था। आज पेड़ कटाई पहाड़ उजड़ा जिससे पर्यावरण पर असर पड़ा है। गंगा मिशन का कार्य सराहनीय है। वृक्ष ही है जो पर्यावरण को बचाती है, बादलो को आकर्षित करके बरसात कराती है। वही उन्होंने कविता के माध्यम से कहा कि मेरा शहर हरियाली का राजा, कहते थे इसका कोई सानी नहीं। उत्तर में गंगा, दक्षिण में पर्वत माला प्रकृति जैसी कोई दानी नही। हर दिन सुकड़ती है गंगा की धारा, पानी में कोई रवानी नही है। टूट गए पीस गए अब पहाड़ों में जवानी नहीं है। आते है घिरते है मेघ उसमे पानी नहीं है। क्योंकि वृक्ष नही है। वही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व राजस्थान मिडिल स्कूल के लगभग चार सौ बच्चो व शहरवासियों के बीच डीडीसी सतीश चंद्रा, जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन सह समाजसेवी चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा, मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा रंजीत सिंह सहित अन्य ने स्कूली छात्र छात्राओं के बीच आम, अमरूद, नीम, अनार, नींबू, नारियल, अर्जुन, मोहगनी, शरीफा पौधा का वितरण किया। मंच संचालन गंगा मिशन के सुरेश निर्मल व मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा रंजीत सिंह ने किया। गंगा मिशन की ओर से डीडीसी को आम का पौधा देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व यमुनादास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय के 127 छात्राओं के बीच फलदार पौधा का वितरण किया गया और स्कूल कैंपस में नारियल व आम का पौधारोपण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नरेंद्र मोदी की सभा में पटमदा-बोड़ाम से शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता



**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा ,बोड़ाम,कमलपुर और एमजीएम मंडल के कार्यकताओं के साथ मोदी कार्यक्रम प्रभारी भाजपा नेता अभय सिंह की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई ।बैठक में आगामी 15 सितंबर रविवार को गोपाल मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी अभय सिंह ने बताया की कमलपुर,पटमदा और बोड़ाम,एमजीएम मंडल से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सभा में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं ने उत्साह है। वही राज्य में भाजपा की सरकार का बनना सुनिश्चित हो गया है। हेमंत सोरेन की सरकार से राज्य की जनता त्रस्त हो गई हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, प्रदीप कुमार बेसरा,संदीप मिश्रा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी,शांतनु मुखर्जी,बासुदेव मंडल, महावीर महतो, बिरेन महतो,सूरज साहू,मंटू दत्ता, कृपासिंधू सहित काफी में भाजपाई उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार का कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पटमदा :** राज्य सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा था। शिविर का शुक्रवार को पटमदा के कसमार और बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत में होने के बाद समापन किया गया। कसमार पंचायत में कई गांव से ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में पहुंचे थे। शिविर में मईया योजना में कई महिलाएं योजना का किस्त नही मिलने का चर्चा कर रहे थे। इस संबंध में ऑपरेटर को पूछने पर जानकारी मिली कि जो लाभुक फॉर्म के साथ पोस्ट आफिस का खाता संख्या जमा किए थे। उनके खाते में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की राशि नहीं पहुंचने की जानकारी महिलाओं के द्वारा दी गई ।इस दौरान शिविर में प्रमुख बालिका सोरेन, पार्षद खगेन महतो, उप मुखिया सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### उर्स में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह, चढ़ाया चादर



**कुकड़ू :** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा में हजरत शमसूल हुदा बाबा का 27वां सालाना उर्स गुरुवार से शुक्रवार अहले सुबह तक धूमधाम से मनाया गया। उर्स के अवसर पर समाजसेवी सह ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने भी बाबा के दरबार में हाजरी लगाई और मजार में चादर पेश कर बाबा से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। उर्स के मौके पर उत्तर प्रदेश के मशहूर कव्वाल नईम साबरी और बिहार के खान भारती के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। जिसका उद्घाटन भी समाजसेवी सह ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने उर्स कमिटी के लोगों के साथ किया। इस अवसर पर उस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. शाहाबुद्दीन अंसारी, सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, अंसार अली अंसारी, दिलदार हुसैन, सफाई अंसारी आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

### हजरत शमसूल हुदा बाबा का 27वां सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया



**कुकडू:** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा में हजरत शमसूल हुदा बाबा का 27वां सालाना उर्स गुरुवार से शुक्रवार अहले सुबह तक धूमधाम से मनाया गया। उर्स के अवसर पर लोगों ने बाबा के मजार में चादर और शिरनी पेश की ।उर्स के मौके पर ईचागढ़ के समाजसेवी खगेन महतो, ईचागढ़ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह, भाजपा प्रवक्ता विनोद राय, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने भी बाबा के दरबार में हाजरी लगाई और मजार में चादर पेश कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। उर्स के मौके पर उत्तर प्रदेश के मशहूर कव्वाल नईम साबरी और बिहार के खान भारती के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। दोनों कव्वालों के दिलकश आवाज को श्रद्धालुओं ने खूब सराहते हुए नगद पुरस्कारों की बौछार की। दोनो कव्वालो ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति, गजल एवं इस्लामिक कव्वाली पेश किये। दोनों कव्वालों के बीच अहले सुबह तक चले कव्वाली के इस मुकाबले में लोगों ने भरपूर मनोरंजन किया। वहीं उर्स कमिटि के अध्यक्ष डॉ. शाहाबुद्दीन अंसारी ने शांतिपूर्ण तरीके से उर्स संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सहित तमाम लोगों का आभार जताया है।

### पार्षद खगेन महतो ने पटमदा बाजार के मंदिरों में लगवायी लाइट



**पटमदा :** जिला पार्षद खगेन महतो के द्वारा पटमदा पंचायत अंतर्गत पटमदा बाजार दौड़ासिनी मंदिर, हरि मंदिर पटमदा बस्ती के स्कूल के पास और आदिवासी अखाड़ा, रांगाटाड़ गांव में शिव मंदिर, हरि मंदिर बेझाम इत्यादि जगह में जिला परिषद फंड से स्ट्रीट लाइट लगाया गया। गांव में लाइट लगाने से उत्साह का माहौल देखा गया।

# गया में आत्म श्राद्ध की परंपरा



**बिहार।** के गया में आत्म श्राद्ध यानी कि खुद का पिंडदान किया जाता है। आत्म श्राद्ध के लिए गया जी धाम में एक विशेष स्थान और मन्दिर है। इस मंदिर में भगवान विष्णु जनार्दन स्वामी के रूप में पिंड का ग्रहण करते हैं। इसके अलावा आत्म पिंडदान का प्रावधान कहीं भी नहीं है। आत्म श्राद्ध के बारे में पूरी जानकारी गया जी धाम तीर्थ के पंडा छोटू लाल बारीक ने दी। उन्होंने जिंदा रहते हुए पिंडदान करने की पूरी विधि के बारे में बताया। इसके अलावा उस मंदिर और उसकी विशेषताओं की भी जानकारी दी जहां कोई व्यक्ति जीते जी करें खुद का पिंडदान कर सकता है। गया जी धाम तीर्थ के पंडा छोटू लाल बारीक का कहना है कि माना जाता है कि आत्म पिंडदान करने वाले को परलोक में जाने के बाद उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। गया स्थित मां मंगला-गौरी मंदिर के परिसर स्थित भगवान जनार्दन मंदिर वह स्थान है, जहां कोई भी जीवित व्यक्ति स्वयं का पिंडदान और श्राद्ध कर सकता है। बताया कि जिस व्यक्ति के पास मृत्यु संस्कार करने वाला कोई नहीं है। वो यहां जीवित रहकर अनुष्ठान कर सकता है। भगवान जनार्दन मंदिर गया के भस्म कूट पर्वत के ऊपर मां मंगला गौरी मंदिर के उत्तर में स्थित है। कहा जाता है कि यहां भगवान विष्णु जनार्दन स्वामी के रूप में पिंड ग्रहण करते हैं। आत्म पिंडदान करने वाले को परलोक में जाने के बाद उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। गया जी में वर्तमान में 45 पिंड वेदी और 10 से अधिक तर्पण स्थल है। जहां पर पितरों का पिंडदान किया जाता है। पण्डा छोटूलाल बारीक का कहना है कि, पूरे विश्व में जनार्दन मंदिर वेदी एक मात्र ऐसा स्थल है, जहां आत्म श्राद्ध यानी जीते जी खुद का पिंडदान किया जा सकता है। इस मंदिर में वैसे लोग अपना पिंडदान करने पहुंचते हैं, जिनको संतान नहीं हैं। जिनका घर से मन विमुख हो गया हो या उन्हें लगता हो कि उनके मरने के बाद कोई पिंडदान नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि आत्म श्राद्ध के लिए तीन दिवसीय श्राद्ध का प्रावधान है।छोटू लाल बारीक का कहना है कि गया क्षेत्र अत्यंत प्राचीन जगह है। यहां मरणोपरांत श्राद्ध किया जाता है और जीवित अवस्था में भी पिंडदान करके स्वयं को मरने के बाद मुक्त किया जाता है। यहां एक विशेष प्रकार का श्राद्ध है। वो है आत्म श्राद्ध। जिसमें जीवित व्यक्ति खुद का श्राद्ध कर सकता है। आत्म श्राद्ध वही करता है, जिसके पुत्र-पुत्री जीवित हैं, लेकिन संस्कार विहीन हैं। इसके अलावा नास्तिक हैं, विदेशों में जाकर बस गए हैं या फिर किसी की कोई संतान नहीं है। वो अपना आत्म श्राद्ध करते हैं। वैसे तो गया जी में महिलाएं भी पिंडदान करती हैं, लेकिन शास्त्रों के अनुसार यह अधिकार पुरूष और ब्राह्मणों को दिया गया है। ऐसी अवस्था में जब मरणोपरांत कोई श्राद्ध नहीं करेगा तो वायु पुराण के अनुसार गया जी में आत्म श्राद्ध के लिए मंगला गौरी मंदिर के समीप स्थित भगवान जनार्दन मंदिर में तीन दिवसीय श्राद्ध कर सकते हैं। पहले दिन प्रायश्चित संकल्प होगा। दूसरे दिन भगवान जनार्दन का अभिषेक और महा पूजा करने के बाद दही, चावल मिश्रित पिंड भगवान जनार्दन के हाथ में अर्पित किया जाता है। तीसरे दिन हवन और भगवान गदाधर का पंचामृत महापूजा अभिषेक करके तीन दिवसीय आत्म श्राद्ध प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसे करने से जीवित अवस्था में सुख-शांति से मरणोपरांत मोक्ष की प्राप्ति होती है। छोटू लाल बारीक का कहना है कि विधिवत आत्म श्राद्ध करने वाले बहुत कम लोग होते हैं। दो चार वर्ष में एक दो लोग आते हैं और चुपके से पंडा की मदद से आत्म श्राद्ध करके निकल जाते हैं। इस पिंडदान के वक्त दूसरे व्यक्ति को मन्दिर में प्रवेश नहीं दिया जाता है। सब कुछ गोपनीय तरीके से होता है। इस तरह के पिंडदानियों की डिटेल तो होती है पर उसे उजागर नहीं किया जा सकता। मृत आत्माओं के पिंडदान का प्रचलन है।

जीवित पिंडदान करने वाला भी एक तरह से मृत आत्मा माना जाता है। इसलिए उनका खुलासा नहीं किया जाता है।

# राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में धोखाधड़ी रोकने के उठाए कदम, आवेदन की होगी जांच



**बिहार।** राज्य खेल प्राधिकरण ने राज्यस्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में आयु संबंधी धोखाधड़ी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का फैसला किया है। नालंदा जिला खेल कार्यालय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि आगामी 2024-25 सत्र की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित खिलाड़ियों का आयु और आधार सत्यापन किया जाएगा। यह कदम अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के एक पत्र के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उम्र संबंधी धोखाधड़ी के मामलों पर चिंता व्यक्त की गई थी। पत्र में कहा गया था कि कुछ खिलाड़ी, जो विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, विद्यालय खेलों में भी भाग ले रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। नालंदा के जिला खेल पदाधिकारी ने इस संबंध में एक विस्तृत आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि खिलाड़ियों के आवेदनों की गहन जांच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालयों से सीधे संपर्क कर या विद्यालय भ्रमण कर जांच सुनिश्चित की जाएगी। आदेश की प्रतिलिपि सभी संबंधित खिलाड़ियों, निजी और सरकारी विद्यालयों के प्राचार्यों, जिला समन्वयक, स्थायी आधार केंद्र, और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारियों को भेजी गई है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस आदेश का कड़ाई से पालन हो। खेल जगत से जुड़े लोगों का मानना है

कि यह कदम राज्य के खेल परिदृश्य में एक नए युग की शुरूआत हो सकती है, जहां प्रतिभा और मेहनत को उचित सम्मान मिलेगा।

# नालंदा के व्यक्ति ने यूट्यूब से उद्योग की सीखी बारीकियां



**नालंदा।** युवाओं में रोजगार पाने की होड़ लगी रहती है। लेकिन नालंदा के एक युवा ने इस परिपाटी को तोड़ते हुए न केवल खुद के लिए रोजगार सृजित किया। बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार देने का बीड़ा उठाया है। रहुई प्रखंड के भागन बिगहा निवासी रवि रंजन पांडे ने अपने इस साहसिक कदम से यह साबित कर दिया है कि, जहां चाह है, वहां राह है। 2 साल पहले, रविरंजन ने अपने घर से ही एक लघु उद्योग की शुरूआत की। आज, उनका यह उद्यम न केवल फल-फूल रहा है, बल्कि 10 अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान कर रहा है। रवि के अनुसार, मैंने यूट्यूब से इस उद्योग की बारीकियां सीखीं। हमारा फोकस पेपर प्लेट, पेपर ग्लास, गुपचुप प्लेट और दोना जैसे उत्पादों पर है। उद्यम की शुरूआत के बारे में रवि बताते हैं कि मुझे हमेशा से ही अपना मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट बेचने में रुचि थी। मैंने शुरू से ही दूसरों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा था। उनका मानना है कि थोड़े से प्रशिक्षण और लगभग 50 हजार रुपए की प्रारंभिक पूंजी से कोई भी इस तरह का उद्यम शुरू कर सकता है। आर्थिक पहलू पर बात करते हुए रवि ने बताया कि वे प्रति माह लगभग 50,000 रुपए की बचत कर पा रहे हैं। लेकिन उनके लिए सबसे बड़ी खुशी यह है कि वे अब दूसरों को रोजगार दे पा रहे हैं। उद्योग में काम करने वाले कर्मचारी भी अपनी स्थिति से संतुष्ट हैं। एक कर्मचारी ने बताया कि घर के पास ही रोजगार मिलने से हम अपने घरेलू कामों के साथ-साथ यहां भी काम कर पैसे कमा पा रहे हैं। रवि के मुस्कान लघु उद्योग में हाइड्रोलिक मशीन, सिंगल डाय, डबल डाय, लेमिनेशन मशीन और कॉफी कप मशीन जैसे आधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। इन मशीनों की मदद से पत्तल, कटोरी, कॉफी कप और प्लेट जैसे उत्पाद बनाए जाते हैं। स्थानीय बाजार में इन उत्पादों की अच्छी मांग है। थोक व्यापारी सीधे प्लांट से ही माल खरीदते हैं। हरनौत, चंडी, बिहारशरीफ, रहुई और नूरसराय जैसे आसपास के बाजारों में भी इन उत्पादों की आपूर्ति की जाती है। रवि रंजन पांडे की यह सफलता गाथा नालंदा के अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे एक व्यक्ति की पहल न केवल उसके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज के लिए भी लाभदायक हो सकती है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में और भी युवा इस तरह के नवाचारी उद्यमों की ओर रुख करेंगे। इससे न केवल उनका व्यक्तिगत विकास होगा, बल्कि क्षेत्र का समग्र आर्थिक विकास भी सुनिश्चित होगा।

# साइकिल चोरी के आरोप में चोर को बांधकर पीटा



**अररिया।** के पलासी थाना क्षेत्र के पलासी बजार में एक युवक को चोरी के आरोप में पकड़ कर स्थानीय दुकानदारों ने उसे बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई कर दी। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने पर पलासी थाना पुलिस ने बंधक बनाकर चोर के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी मो निसार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर जांच की जा रही है। मामले को लेकर अररिया एसपी कार्यालय से प्रेस रिलीज जारी की गई। जिसमें बताया गया कि 11 सितंबर को रात करीब- 9 बजे पलासी थाना क्षेत्र के पलासी बाजार मे एक युवक को चोरी के आरोप में कुछ लोगों एक युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद उसे खंभे से बांधकर जमकर मारपीट की गई। इस मामले में वीडियो सामने आने के बाद मामला पलासी थाने केस दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पलासी थाना के पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंची और बंधक बनाए गए युवक मो॰ नौसर, को मुक्त कराया। वहीं उससे पूछताछ में पता चला की मोहम्मद नौसर ने 10 सितंबर को एक कपड़ा दुकान के स्टाफ की कुछ दिन पहले साइकिल चोरी की थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज देख उसकी पहचान कर लिया गया। 11 सितंबर को आरोपी नौसर फिर वहां पहुंचा जहां उसे देखकर दुकानदारों ने पकड़ कर लिया और मारपीट करते हुए बिजली के खंभे से बांधकर अमानवीय कृत किया गया। जिसके बाद अमानवीय कृत करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पलासी थाना अंतर्गत कांड दर्ज कर मुख्य आरोपी मो निसार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दर्जनों महिलाओं से 40 लाख से अधिक की ठगी



**किशनगंज।** सदर प्रखंड के बेलवा में दर्जनों महिलाओं से लगभग 40 से 50 लाख रुपए तक की ठगी का मामला सामने आया है। जहां एक महिला सभी से ठगी कर फरार हो गई। घटना सामने आने के बाद से शहर में चर्चा का विषय बन गया। सभी महिलाएं मामले को लेकर गुरुवार को पूर्व जेडीयू विधायक मुजाहिद आलम के आवास पर पहुंची और घटना के बारे में बताया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि गांव की ही एक महिला शमसा बेगम ने उनसे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मरम्मती का रूपया मिलने के नाम पर उनका आधार कार्ड लिया था, जिसे बाद में लौटा दिया गया। कुछ दिन बाद ही बैंक के रिकवरी एजेंट का फोन आने लगा कि आपके लोन का रुपया बकाया है। महिलाओं ने जब पता किया तो उनके ऊपर लाखों रुपए का कर्ज जो की उन्होंने लिया ही नहीं है। उक्त महिलाएं काफी गरीब है और अब बैंक एजेंट के जरिए महिलाओं को बताया गया कि किसी के ऊपर 40 हजार का तो किसी के ऊपर एक लाख का कर्ज है। ये सुनकर सभी महिलाएं काफी परेशान हैं और उनका रो रोकर बुरा हाल है. वार्ड सदस्य गुलाब साह ने बताया कि एजेंट की मिलीभगत से सारे खेल को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना में आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# पत्नी को दिल्ली से 1300किमी दूर पूर्णिया लाया, मार डाला



**पूर्णिया।** में 13 सितंबर को मरंगा थाना इलाके में एक महिला की लाश मिली थी। महिला के गले पर धारदार हथियार से वार किया गया था और गले में गोली मारी गई थी। वारदात की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। मृत महिला की पहचान प्रियंका(31) के रूप में हुई है। वो सुपौल की रहने वाली थी। 15 दिन पहले वो अपने देवर के साथ दिल्ली भागी थी। पति और परिवार उसे खोजने में लगा था। इस बीच उसके दिल्ली में होने की जानकारी मिली। वो अपने भाई और बहनोई के साथ स्कॉर्पियो से दिल्ली पहुंचा। वहां से पत्नी को सुपौल ले जाने की बात कही। सभी साथ में लौट रहे थे, लेकिन दिल्ली से 1300 किलोमीटर दूर पूर्णिया लाकर उसकी हत्या कर दी। लाश को वही छोड़ पति और बाकी रिश्तेदार सुपौल चले गए। प्रियंका और सुरेंद्र यादव की शादी 6 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। बताया जाता है कि चचेरे देवर का सुरेंद्र यादव के घर आना-जाना था। इस बीच प्रियंका और उसके देवर में नजदीकियां बढ़ी और एक दूसरे को चाहने लगे। वारदात से 15 दिन पहले प्रियंका अपने चचेरे देवर के साथ भाग निकली। पति सुरेन्द्र यादव ने खोजबीन की तो पता चला कि प्रियंका अपने प्रेमी के साथ दिल्ली में है। सुरेन्द्र यादव, भाई रमंत कुमार यादव, बहनोई बबू साहेब यादव के साथ स्कॉर्पियो से दिल्ली पहुंचे। प्रियंका को समझाया और उसे अपने साथ लाने को राजी कर लिया। दिल्ली से 1368 किलोमीटर दूर पूर्णिया लाकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक गले पर धारदार हथियार से हमला करने के बाद नजदीक से गले में गोली मार कर उसकी हत्या की गई। महिला का शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि सुपौल की एक शादीशुदा महिला कुछ दिन से लापता है। पुलिस ने उसकी तस्वीर मंगवाई। झाड़ियों में मिली लाश से तस्वीर मैच करने के बाद पुलिस सीधे सुपौल पहुंची। पूछताछ में पता चला कि प्रियंका के सभी घर वाले फरार हैं।

# मुजफ्फरपुर में वज्रपात से पिता-बेटे की मौत

**मुजफ्फरपुर।** में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार शाम दोनों मवेशी का चारा लाने के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। ठनका गिर गया। घटना की जानकारी के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए skmch भेज दिया। मृतकों की पहचान सुरेंद्र सहनी (45) और बेटे पप्पू सहनी (18) के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव के लोगो के मातम पसरा हुआ है मृतक के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है घटना जिले के कटरा थाना क्षेत्र टेकवारा गांव का है मृतक को व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र सहनी 45 वर्षीय और उसके पुत्र पप्पू सहनी 18 वर्षीय के रूप में हुई है रिजन ने बताया कि घास लाने गए हुए थे। मौके पर पहुंचे तो देखा गांव के कुछ लोग खटिया पर उठाकर ला रहे थे। जिसके बाद पुलिस वाले शव लेकर अस्पताल गए हैं।

# तीर्थ यात्रियों को 200 एमएल गंगाजल मुफ्त देगा जिला प्रशासन



**गया।** में 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला शुरू होने जा रहा है। शासन-प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को पिंडदान करने के बाद जब वह वापस लौटेंगे तो उन्हें उपहार स्वरूप गंगाजल का दिया जाएगा। ताकि वे तीर्थ यात्री अपने घर गंगाजल ले जाएं और उसे पूजा पाठ से जुड़े विधि विधान में प्रयोग कर सकें। गौरतलब है कि पितृपक्ष मेला शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेला क्षेत्र में तैयारी का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। मेला क्षेत्र के जायजा लेने के बाद गया समाहरणालय के सभागार में सभी विभागों के अधिकारी, अन्य समाज सेवियों व गयापाल पण्डा के साथ बैठक की थी। नीतीश कुमार ने बैठक में कहा था कि इस बार तीर्थ के लिए गंगाजल का पैकेट उपहार स्वरूप दिया जाए। यह एक अच्छा संदेश भी जाएगा। पैकेजिंग होने के बाद 17 सितंबर से मेला क्षेत्र में सरकारी स्टॉल लगाया जाएगा जहां से गंगाजल तीर्थ यात्रियों के बीच वितरण किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि एक दिन में कम से कम 10 हजार तीर्थ यात्रियों को गंगाजल उपहार स्वरूप दिया जाएगा। हालांकि इसको लेकर मगध दूध उत्पादक सुधा डेयरी के अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों के साथ बैठक की है। इसकी तैयारी में भी वे जुट गए है। लेकिन गंगा का जल शीशी में या फिर जार में या फिर पालीथिन में पैकड होगा। इस बात पर अभी मुहर नहीं लगी है। जल संसाधन विभाग के अभियंता ने बताया कि डीएम का आदेश आया है। इस मसले पर फाइनल निर्णय होना है। एमडी इसे कल तक फाइनल कर देंगे। गंगाजल पैकेजिंग मगध दूध उत्पादक सुधा डेयरी में किया जाएगा। सुधा डेयरी को जल संसाधन विभाग मुहैया कराएगा। जिला प्रशासन ने इस बाबत एक लेटर जारी कर दिया है। जल संसाधन विभाग और सुधा डेयरी प्रबंधन को आपस में समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है। जल संसाधन विभाग के ट्रीटमेंट प्लांट में सुधा डेयरी के टैंकर जाएंगे और वे वहां से अपने संस्थान में लेकर आएंगे। वहां गंगाजल की पैकिंग होगी। डीएम डॉ. त्याग राजन ने बताया कि 200 एमल के प्लास्टिक पाउच में गंगा जल पैक किया जाएगा। उसके बाद उसे एक बैग में पैक किया जाएगा। जिस पर गंगा जल की डिटेल जानकारी होगी। इसकी तैयारी के बाबत आदेश दिया गया है। सुधा डेयरी प्रबंधन को इसे युद्ध स्तर पर पूरा करने को कहा गया है।

# गया में 3 युवकों की दम घुटने से मौत





**गया।** में शुक्रवार को 3 युवकों की कुएं में दम घुटने से मौत हो गई। सफाई करने वक्त तीनों की जहरीली गैस की वजह से जान चली गई। घटना गया के वजीरगंज प्रखण्ड के चकसेव गांव की है। मरने वालों की पहचान ललन कुमार, टिंकू पांडे, स्वास कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक युवक पहले कुएं में सफाई करने के लिए उतरा था। उसकी हालत खराब होता देख, बचे अन्य दो लड़के कुएं में उतरे। तीनों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार 13 सितंबर को खेत का पटवन करने के लिए 3 युवक कुएं के पास पहुंचे थे। वहां, एक युवक कुएं में पहले सफाई करने के लिए उतरा। इस दौरान उसकी हालत खराब होने लगी। उसका दम घुटने लगा। हालत गंभीर देख कुएं के बाहर मौजूद दो अन्य युवक उसे बचाने के लिए कुएं में उतर गए। इसके बाद जहरीली गैस के कारण इन दोनों का भी दम घुटने लगा। ऐसे में तीनों की कुएं में दम घुटने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव के लोगों को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने डायल 112 की पुलिस टीम को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शवों को बाहर निकाला गया। तीनों को वजीरगंज उव्हउ लाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। DSP सुनील कुमार पांडे ने बताया कि इस मामले में वजीरगंज पुलिस कार्रवाई कर रही है। पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को भेजा गया है। संबंधित मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों लड़कों की मौत कुएं की सफाई के लिए उतरने की वजह से हो गई है। घटना की सूचना प्रखण्ड कार्यालय और आपदा विभाग को भी दी गई है।



# गे की भूमिका में शाहरुख को पहचानना मुश्किल


आपको जानकर हैरानी होगी कि बालीवुड एक्टर शाहरुख खान ने असल में हिंदी से नहीं, बल्कि अंग्रेजी भाषा में बनी एक फिल्म से अपने सिनेमा की दुनिया में कदम रखा था। सोशल मीडिया पर शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो इन दिनों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें किंग खान एक समलैंगिक किरदार में नजर आ रहे हैं। ये फिल्म एक आदर्शवादी छात्र आनंद ग्रोवर/एनी की कहानी है, जो पढ़ाई करने के बजाय भारत की समस्याओं के लिए काल्पनिक समाधान के बारे में सोचना पसंद करता है। यहां तक कि अरुंधति को भी आनंद की प्रेमिका बोहेमियन राधा की भूमिका में दिखाया गया है। इसमें रोशन सेठ, ऋतुराज सिंह और चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मनोज बाजपेयी भी नजर आए थे। अरुंधति के एक्स हसबैंड प्रदीप किशन द्वारा निर्देशित इन विच ऐनी गिव्स इट टू दोज वन्स को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। एक इसकी स्क्रीन प्ले के लिए जो रॉय को मिला और दूसरा सर्वश्रेष्ठ इंग्लिश फीचर फिल्म के लिए जो प्रदीप को मिला। यह फिल्म 1989 में रिलीज हुई थी। इसमें दिल्ली में 1970 के दशक के अंत में छात्र जीवन की झलक मिलती है। वैसे शाहरुख ने मनोरंजन की दुनिया में इससे एक साल पहले ही कदम रख दिया था। फेमस टीवी सीरियल फौजी से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वे कई अन्य टीवी सीरियल में दिखें जिसमें उम्मीद और वागले की दुनिया और अजीज मिर्जा की सर्कस शामिल है। आज, शाहरुख खान दुनिया के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं और सबसे अमीर भी। एक्टिंग से अलग उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जैसे कई व्यवसायों से उनकी कमाई और बढ़ जाती है। शाहरुख खान जल्द किंग में दिखाई देंगे, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होंगी। बता दें कि बॉलीवुड के मशहूर एक्टर शाहरुख खान ने हिंदी सिनेमा में बहुत ही साधारण तरीके से शुरुआत की थी। लेकिन छोटी-मोटी भूमिकाओं से आगाज करने वाला ये एक्टर आज बॉलीवुड का बादशाह है। मौजूदा दौर में जिस एक्टर के सितारे चमक रहें है उसके जीवन में एक समय ऐसा था, जब किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करने में उसने गुरेज नहीं किया।



# विक्रांत मैसी ने सेक्टर 36 में लिया बिल्कुल अलग चैलेंज

फिल्म 12वीं फेल में अपने अभिनय की छाप छोडने वाले बालीवुड एक्टर विक्रांत मैसी ने सेक्टर 36 के साथ एक बिल्कुल अलग चैलेंज लिया है , जो एक सच्ची कहानी से इंस्पायर एक काल्पनिक क्राइम थ्रिलर है। मैडॉक फिल्म्स के द्वार प्रोड्यूस और आदित्य निंबालकर के द्वार डायरेक्ट किया गया, सेक्टर 36 एक स्लम में, सेक्टर 36 से, कई बच्चों के गायब होने की रहस्यमयी कहानी है। एक इंस्पायरिंग बायोग्राफी से एक टेंस्ड और सस्पेंस से भरे थ्रिलर में उनका बदलाव विक्रांत की वर्सेटलिटी और अलग-अलग रोल को अपनाने की उनके डेडीकेशन को दिखाता है, जो उनकी पहले से ही शानदार करियर में एक बोल्ड और नए डायरेक्शन की निशानी है। सेक्टर 36 का ट्रेलर विक्रांत के किरदार की एक झलक दिखाता है, जो फैंस को उत्साहित करता है। फिल्म में विक्रांत एक सीरियल किलर का रोल निभाने वाले हैं, जिसमें हमने विक्रांत को पहले कभी नहीं देखा है। जैसे-जैसे उत्साह बढ़ता जा रहा है, फैंस यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि विक्रांत अपने करियर के इस नए चैप्टर को कैसे संभालेंगे। अपने टेलेंट और वर्सेटलिटी के साथ, वे इस इंटेंस क्राइम थ्रिलर में अपने अनोखे स्टाइल को जोड़ने और अपनी उपलब्धियों की जबरदस्त लिस्ट में एक और शानदार परफॉर्मेंस जोड़ने जा रहे हैं। सेक्टर 36 का पहला गाना डमरू कल रिलीज़ किया गया है। इसमें फ़िल्म के कुछ सीन्स और क्लिप शामिल हैं। विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल स्टारर यह फ़िल्म 13 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल होगी। मालूम हो कि 12वीं फेल में विक्रांत ने मनोज कुमार शर्मा के रोल में अपनी छाप छोड़ी, जो एक प्रेरणादायक कहानी थी और इस तरह से इसने दर्शकों के साथ गहरा कनेक्शन बनाया। फिल्म में एक ऐसे इंसान के संघर्ष और सफलता को दिखाया गया है, जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए चुनौतियों का सामना करता है। विक्रांत के डिटेल्ड परफॉर्मेंस ने किरदार में इमोशनल गहराई जोड़ दी है, जिसने उन्हें इंडस्ट्री के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक के रूप में स्थापित किया है। इस साल के शुरू में, एक्टर ने फिर आई हसी दिलरुबा में रिशु का रोल अदा किया है। इस रोल में, वो एक ऐसा पति के किरदार में हैं, जो अपनी पत्नी से बेहद प्यार करता है और उसके लिए कुछ भी कर सकता है। ये किरदार दिखाता है कि विक्रांत कैसे अलग-अलग और डाइवर्स किरदारों को चुनते हैं और हमेशा अपनी भूमिकाओं को गहरा और कई लेयर के साथ उन्हे निभाया करते हैं।

# इंडस्ट्री में डर और निराशा का सामना किया दीया मिर्जा ने



अपने हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने बताया कि कैसे उन्होंने इंडस्ट्री में अपने पहले दिनों में डर और निराशा का सामना किया। दीया मिर्जा ने आईसी 814-द कंधार हाईजैक में अपनी हालिया भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की है, लेकिन उनके करियर की शुरुआत आसान नहीं थी।

दीया ने उन दिनों की यादें साझा की जब उनकी कुछ फिल्में सफल नहीं हुई और वह बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। दीया ने खुलासा किया, मैं दुखी थी और डर से भरी हुई थी। मीडिया और इंडस्ट्री ने हमारे दिमाग में यह बैठा दिया था कि औरतों की शेल्फ लाइफ होती है। अगर आप 20 साल की हैं, तो आपको किसी बड़े स्टार के साथ कास्ट नहीं किया जाएगा। मेल सुपरस्टार्स को आपकी एक निश्चित उम्र चाहिए और एक निश्चित लुक में होना चाहिए। दीया ने बताया कि अब स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब लोगों को यह समझ आ गया है कि यह एक नौकरी है, आपकी पूरी पहचान नहीं है। यह एक हिस्सा है, लेकिन यह सबकुछ नहीं है। अब यह समझा जाने लगा है कि यह जुनून है, लेकिन हमारे अस्तित्व को नियंत्रित नहीं कर सकता। दीया ने यह भी कहा कि कैसे कार्यस्थल पर महिलाएं अभी भी संघर्ष कर रही हैं।

मुझे पता है कि महिलाओं को कैसे शादी करने वाली महिलाओं को काम पर नहीं रखा जाता है। यह वास्तविकता है कि एक नौकरी आपके सभी निर्णयों को प्रभावित कर सकती है, लेकिन हमें इसे लेकर जागरूक रहना होगा।

दीया मिर्जा के अनुसार, बॉलीवुड में अब एक बदलाव आ रहा है जहां महिलाओं की स्थिति और भी बेहतर हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में महिला एक्ट्रेस को अधिक सम्मान और अवसर मिलेंगे।

# 57 साल के हो गए अक्षय कुमार, शेयर की 'भूत बंगला' की झलक

बालीवुड के खतरों के खिलाडी यानि कि एक्टर अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' की पहली झलक शेयर की। हिंदी सिनेमा में स्मार्ट और हैंडसम लुक्स से अभिनेत्रियों के दिलों पर राज करने वाले अक्षय ने एक्स पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया। तस्वीर में अक्षय एक कटोरी में दूध पीते हुए नजर आ रहे हैं और उनके कंधे पर एक काली बिल्ली खड़ी है। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद! इस साल का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ! मैं 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ फिर से जुड़ने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस ड्रीम कोलैबोरेशन को काफी समय हो गया है। इस जर्नी को आप सभी के साथ शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मैजिक के लिए बने रहें!卐 फिल्म की ज्यादा डिटेल शेयर नही की गई और यह 2025 में रिलीज होगी। अक्षय और प्रियदर्शन ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। जिनमें हेरा फेरी, दे दना दन, भूल भुलैया, गरम मसाला और खट्टा मीठा जैसी फिल्में शामिल हैं। इससे पहले, बॉलीवुड के एक्शन हीरो और सुपरस्टार अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर अपने नए प्रोजेक्ट का संकेत दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी अपकमिंग फिल्म की पहली झलक भी दिखाई, जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया था। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए।



# धनिया का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण: स्मिता साबल


छोटे परदे की अभिनेत्री स्मिता साबले ने कहा कि उन्होंने शुरुआत में शो में एक नकारात्मक किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। टेलीविजन शो भीमा में धनिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने जिस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था वह वर्तमान में निभाए जा रहे उनके किरदार से बिल्कुल अलग थी। स्मिता ने कहा, यह काफी दिलचस्प कहानी है। मैंने शो भीमा के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन वह धनिया की भूमिका के लिए नही था। मैंने एक नकारात्मक भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन मुझे धनिया की भूमिका के लिए चुना गया। यह पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला था। मैं बहुत रोमांचित थी। धनिया का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं अपने करियर में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर खुश हूं। अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में कहा कि सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी बेटी भीमा की पढ़ाई के लिए धनिया की तरफदारी करना उसकी परवरिश की भावना का प्रमाण है। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद धनिया का हिम्मत और दृढ़ संकल्प कभी कम नहीं हुआ। अभिनय जगत में आने से पहले अभिनेत्री ने 2019 तक कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम किया। हालांकि वह शुरू से ही एक्टिंग करना चाहती थीं।



उन्होंने आगे बताया, 'अपने खाली समय में मैं वीडियो बनाती थी और सोशल मीडिया पर मोनोलॉग करती थी। मुझे मॉडलिंग में भी दिलचस्पी थी और मैं उस रास्ते से इंडस्ट्री में प्रवेश करना चाहती थी। हालांकि, 2020 में महामारी ने मेरे करियर को अभिनय की ओर मोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने मुझे भावनाओं को व्यक्त करने के लिए सही भावों का उपयोग करने में मार्गदर्शन किया, इस प्रकार धनिया के मेरे चित्रण को और अधिक वास्तविक बना दिया' शो के लिए अपनी तैयारी के बारे में उन्होंने कहा, महाराष्ट्रीयन होने के नाते उत्तर प्रदेश में सेट किए गए शो पर काम करने के लिए मुझे स्थानीय बोली और लहजे में महारत हासिल करने की जरूरत थी ताकि मैं अपने किरदार के प्रति प्रामाणिक और सच्ची बन सकूं। मेरे पिछले अनुभव से मुझे काफी मदद मिली। मेरी टीम और सह-कलाकारों के समर्थन ने वास्तव में इसमें मेरी काफी मदद की।

# अंकिता और विक्की जैन की जोडी पर खूब प्यार लुटा रहे प्रशंसक

बालीवुड अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने सोशल मीडिया पर पति विक्की जैन के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसपर उनके प्रशंसक जमकर प्यार लुटा रहे हैं। इस फोटोशूट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और उनके प्रशंसक उनकी जोड़ी को बहुत पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की। जोड़ी दमदार लग रही है। ब्लैक कलर की ड्रेस पहन रखी है। नेचुरल मेकअप लुक चुना है। बालों का पोनीटेल बनाया है और स्टड इयररिंग्स और ब्लैक हील्स के साथ लुक को पूरा किया है। उनके पति विक्की जैन सफेद टी-शर्ट, मैचिंग ब्लेजर और ट्राउजर में शानदार दिख रहे थे। वीडियो में दोनों एक दूसरे को गले लगाते और कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। क्लिप में आगे अंकिता को बाथटब में पोज देते हुए दिखाया गया है। अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा, हमने अपना मिडिल नाम हॉट एंड सैसी रखा है। उनके एक प्रशंसक ने अभिनेत्री की पोस्ट पर टिप्पणी की, यह सबसे हॉट जोड़ी है। एक अन्य यूजर्स ने कहा, यह हॉट है। बता दें कि अभिनेत्री अंकिता लोखंडे 14 दिसंबर 2021 को मुंबई में एक पारंपरिक समारोह में बिजनेसमैन विक्की जैन के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। अंकिता लोखंडे ने साल 2009 में पवित्र रिश्ता में अर्चना की भूमिका निभाई थी। उनके एक्टिंग करियर को इस शो ने ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस शो में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मानव की भूमिका निभाई थी। अंकिता लोखंडे (39) को आखिरी बार विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में देखा गया था।



# 15 साल से ऊपर के हर शख्स को दें सीपीआर की ट्रेनिंग : काजोल



हाल ही में फेमस एक्ट्रेस काजोल ने हार्ट अटैक से मरने वालों की बढ़ती संख्या पर अपनी चिंता जाहिर की है और लोगों का खास सलाह दी है। एक्ट्रेस काजोल ने लोगों से अपील की कि 15 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को सीपीआर देना सीखना चाहिए।

सीपीआर देकर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति को बचाया जा सकता है। उन्होंने वीडियो शेयर कर लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग लेने के लिए जागरुक किया और कहा- नमस्ते. कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अगर कार्डियक अरेस्ट के पीड़ितों को सीपीआर नहीं दिया गया तो उसका बचना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के साथ जुड़कर 2024 में चलिए एक कोशिश करें। 15 साल से ऊपर के हर शख्स को सीपीआर की ट्रेनिंग दें। आप अपनी जान पहचान के कार्डियोलॉजिस्ट से भी सीपीआर देना सीख सकते हैं। ये मुश्किल नहीं है, लेकिन किसी के मुश्किल वक्त में काम जरूर आ सकता है। वहीं इस वीडियो को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा, मैं कार्डियक अरेस्ट अवेयरनेस वीक के कैंपेन एम्बेसडर के रूप में रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के अविश्वसनीय काम का सपोर्ट करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस वर्ष, यह कार्डियक अरेस्ट के बारे में जागरूकता पैदा करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि ज्यादा से ज्यादा लोग सीपीआर सीखें। हमारा उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को ट्रेनिंग देना और उन्हें भविष्य में किसी की जान बचाने में मदद करने के लिए सशक्त बनाना है।

बता दें, हाल ही में टीवी एक्टर विकास सेठी का निधन भी हार्ट अटैक से हुआ है। एक्टर को नींद में सोते वक्त दिल का दौरा पड़ा और 48 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए। देश दुनिया में कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। बहुत कम उम्र में ही लोग हार्ट अटैक की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री से भी अब तक कई सेलेब्स दिल का दौरा पड़ने से अपनी जान गंवा चुके हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए चेन्नई पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** नई दिल्ली = बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेटर गुरुवार रात चेन्नई पहुंचे। पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर को एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होने वाला है। यह सीरीज टी20 विश्व कप के बाद भारत की टेस्ट क्रिकेट में वापसी की पहली सीरीज होगी। प्रमुख खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत और केएल राहुल को टीम बस में चढ़ते देखा गया, जो टेस्ट प्रारूप में उनकी वापसी का संकेत है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से बुमराह ने कोई टेस्ट नहीं खेला है। दिसंबर 2022 में एक गंभीर कार दुर्घटना के बाद पंत वापसी कर रहे हैं। चोट के कारण इंग्लैंड सीरीज से चूकने वाले राहुल भी टीम में शामिल हो गए हैं। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम में विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। कोहली अपने बेटे के जन्म के बाद ब्रेक लेकर घरेलू मैदान पर इंग्लैंड सीरीज से चूकने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं।

बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीती थी। हालांकि चोटों के कारण उन्होंने बदलाव किए हैं, जिसमें तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम की जगह अनकैप्ड बल्लेबाज जैकर अली को शामिल किया गया है। भारत के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर का लक्ष्य अपनी पहली टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत जीत के साथ करना है। यह सीरीज भारत के न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैचों और ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए मंच तैयार करती है। स्टार खिलाड़ियों की वापसी और उच्च दांव के साथ, भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दिलचस्प होने की उम्मीद है।

### बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, आकाश दीप, जसप्रित बुमरा, यश दयाल।



# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर रचा इतिहास, 1 बिलियन फॉलोअर्स वाले पहले व्यक्ति बने



**स्पोर्ट्स डेस्क।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो न केवल फुटबॉल के मैदान पर बल्कि डिजिटल वर्ल्ड में भी रिकॉर्ड तोड़ते जा रहे हैं। पुर्तगाले के इस खिलाड़ी ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 1 बिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। यह मील का पत्थर दुनिया भर में सबसे प्रभावशाली और सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले एथलीट के रूप में जाने जाने वाले रोनाल्डो की वैश्विक आइकन के रूप में स्थिति को और भी मजबूत करता है।

रोनाल्डो के चौंका देने वाले सोशल मीडिया फॉलोइंग में इंस्टाग्राम पर 639 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स, फेसबुक पर 170 मिलियन, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 113 मिलियन और यूट्यूब पर 60.5 मिलियन सब्सक्राइबर शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से उनका यूट्यूब चैनल इस महीने की शुरुआत में ही लॉन्च किया गया था, फिर भी यह अपने पहले दिन 15 मिलियन सब्सक्राइबर और पहले सप्ताह में 50 मिलियन तक पहुंच गया। एक्स पर एक विशेष पोस्ट में रोनाल्डो ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की और अपने प्रशंसकों के प्रति उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। खेल जगत में उनके प्रशंसकों की संख्या एक महत्वपूर्ण घटना बन गई है, उनका प्रतिष्ठित ÷सिउ÷ उत्सव विभिन्न खेलों में एक निरंतर दृश्य बन गया है, जो केवल फुटबॉल तक ही सीमित नहीं है। रोनाल्डो की पोस्ट में लिखा है, 'हमने इतिहास रच दिया है - 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह केवल एक संख्या से अधिक है - यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है...मदीरा की सड़कों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हम 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं।' रोनाल्डो ने आगे कहा, 'आप हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं, सभी उतार-चढ़ावों के दौरान...मुझ पर विश्वास करने, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। सबसे अच्छा अभी आना बाकी है, और हम आगे बढ़ते रहेंगे, जीतते रहेंगे और साथ मिलकर इतिहास बनाते रहेंगे।'

# भारत दौरे से पहले शाकिब की काउंटी में घातक गेंदबाजी

लंदन । भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले बांग्लादेश की क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में शानदार खेल दिखाया है । शाकिब ने सरे की ओर से काउंटी चैंपियनशिप खेलते हुए सोमरसेट के खिलाफ पहली पारी में 4 विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में 5 विकेट लिए हैं । इससे शाकिब ने दिखाया है कि उन्हें खेलना भारतीय टीम के लिए आसान नहीं रहेगा । इससे पहले शाकिब ने पाक दौरे में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को उनसे सावधान रहना होगा । बांग्लादेश टीम को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ भी वह इसी फॉर्म को बनाये रखेंगे । हालांकि भारत के खिलाफ जीत हासिल करना बांग्लादेश टीम के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि भारतीय टीम अभी विश्व में शीर्ष टीमों में शामिल है । इसके बाद भी शाकिब ओरे से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे ।

# भारतीय टीम को बांग्लादेश के मुशफिकुर से रहना होगा सावधान



### -टीम में विकेटकीपर के तौर पर है धोनी जैसा दबदबा

**मुम्बई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के साथ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम को आज तक बांग्लादेश की टीम घरेलू मैदान पर नहीं हरा पायी है हालांकि इसके बाद भी उसे टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम सहित कुछ खिलाड़ियों से सावधान रहना होगा। मुशफिकुर का रिकार्ड काफी अच्छा है , इस खिलाड़ी ने

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से भी ज्यादा रन बनाए हैं। मुशफिकुर ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में 191 रन की शानदार पारी खेली थी। इससे उनकी टीम पाक के खिलाफ हावी हो गयी थी। बांग्लादेश ने एक एक समय 218 रन पर 5 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद रहीम ने उसे 500 के ऊपर पहुंचाया। इससे टीम को 10 विकेट से जीत मिली।

मुशफिकुर ने 2019 तक टेस्ट मैचों में विकेटकीपिंग की। इसके बाद अब वह बल्लेबाज के तौर पर खेलते हैं। विकेटकीपर के तौर पर उन्हें अपनी टीम में वही स्थान हासिल था, जो भारतीय टीम में धोनी के पास था। मुशफिकुर ने उतने ही टेस्ट मैच हैं, जितने धोनी ने खेले हैं।

धोनी ने अपने 10 साल के टेस्ट करियर में 90 मैच खेले। उन्होंने इन मैचों की 144 पारियों में 38.09 की औसत से 4876 रन बनाए। वहीं मुशफिकुर रहीम ने अपने 18 साल के टेस्ट करियर में 90 टेस्ट मैच ही खेले हैं। उन्होंने इन मैचों की 166 पारियों में 39.01 की औसत से 5892 रन बनाए हैं।

# वॉन के सचिन पर दिये बयान को लेकर भड़के गावस्कर



**मुम्बई (एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के इस बयान की कड़ी आलोचना की है। जिसमें वॉन ने कहा था कि जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं, साथ ही कहा था कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए लाभप्रद रहेगा। इस पर गावस्कर ने कहा कि अगर यह रिकॉर्ड सचिन के नाम है, तो इसमें क्या दिक्कत है। साथ कहा कि अगर इंग्लैंड कको कोई क्रिकेटर इस रिकार्ड को तोड़ता है तो इससे टेस्ट क्रिकेट को कैसे फायदा होगा ये वॉन बतायें।

रूट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जमकर रन बनाये हैं। इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाए और 34 शतक लगाकर गावस्कर की बराबरी की। रूट अब टेस्ट क्रिकेट में 12,402 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर आ गए हैं, और उन्होंने इस प्रकार श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया है।

वॉन ने कहा कि रूट के पास सचिन के 15,921 रनों का रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता है और यह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक प्रयास रहेगा। इसी को लेकर गावस्कर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में ऐसा क्या गलत हो रहा है जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर यह रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम है, तो इसे बदलने की आवश्यकता क्यों है। साथ ही उन्होंने ब्रिटिश मीडिया पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह धारणा बनाई जा रही है कि बीसीसीआई टेस्ट क्रिकेट को पसंद नहीं करता, जबकि भारतीय टीम हर सत्र में अन्य देशों की तुलना में अधिक टेस्ट मैच खेलती है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या विदेशी दौरों पर।

# बेटे आजम के साथ गलत बर्ताव हुआ, उसके आत्मविश्वास को ठेस पहुंची है



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोईन खान ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में आजम खान के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसके कारण उनके बेटे के आत्मविश्वास को ठेस पहुंची है। पाकिस्तान के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने बेटे के करियर को हुए नुकसान के लिए पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा को जिम्मेदार ठहराया है। मोईन ने कहा कि अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान द्वारा खेले गए सभी मैच देखने के बाद वह आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि उनका बेटा विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त है।

मोईन ने कहा कि मैंने पूरा विश्व कप और उससे पहले के मैच देखे और ऐसा लग रहा था कि आजम विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए पहली पसंद था। फिर अचानक सिर्फ 1 मैच के बाद पूरी रणनीति बदल दी गई। आजम को फिटनेस को लेकर प्रशंसकों का गुस्सा झेलना पड़ा है। विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ टीम की शुरुआती मैच में वह पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हो गए थे। इसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 से अधिक रन बनाने वाले मोईन ने कहा कि आजम को एक मैच के बाद विकेटकीपिंग का मौका नहीं दिया गया और पहली ही गेंद पर (अमेरिका के खिलाफ) आउट होने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया। कोई भी खिलाड़ी पहली गेंद पर आउट हो सकता है, लेकिन यहां खिलाड़ियों को विकसित करने की जो परंपरा हुआ करती थी, वह अब नहीं रही। चाहे कप्तान हो या प्रबंधन, अगर वे खिलाड़ियों में इतनी जल्दी बदलाव करते रहेंगे तो हम अच्छे खिलाड़ी कैसे तैयार कर सकते हैं?

# पोंटिंग ने ऋषभ की प्रशंसा करते हुए उसे एक महान खिलाड़ी बताया

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को मैच विजेता खिलाड़ी करार दिया है। पोंटिंग ने ऋषभ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने कम समय में ही इस खिलाड़ी ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं उससे उसकी आपार क्षमताओं का पता चलता है। इस खिलाड़ी ने जिस प्रकार हार न मानते हुए भीषण कार हादसे के बाद भी शानदार वापसी की है उससे पता चलता है कि वह एक महान खिलाड़ी है । सबसे बड़ी विशेषता ये है कि वह तीनो ही प्रारुपों में एक समान रुप से बेहतरीन बल्लेबाजी करता है । साथ ही कहा कि बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में भी उसपर सभी की नजरें रहेंगी। पिछली बार भारत ने ऑस्ट्रेलिया में जो टेस्ट सीरीज 2-1 से जीती थी, जिसमें इस बल्लेबाज ने अहम भूमिका निभाई थी । पोंटिंग ने इस क्रिकेटर की क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा, वह किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही एक गंभीर क्रिकेटर हैं । हमने उन्हें खेलते हुए देखा है और स्टंप माइक पर उनकी आवाज सुनी है । वह एक मजेदार और टीम के साथ घुल-मिलकर रहने वाला खिलाड़ी है पर वह सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं खेलता, वह एक सच्चा विजेता है । पोंटिंग ने इस विकेटकीपर की तुलना पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से करते हुए कहा, इस क्रिकेटर ने अब तक 33 टेस्ट मैच खेले हैं और 5 शतक लगाये हैं । वहीं धोनी ने 90 टेस्ट मैच खेले और 6 शतक लगाए । इस प्रकार देखा जाये तो इस युवा ने इतने कम मैचों में जो हासिल किया है, वह प्रशंसा के योग्या है । वह एक गंभीर क्रिकेटर हैं और उनके प्रदर्शन से यह साफ दिखता है । पोंटिंग ने कहा कि वह कार हादसे के बाद से ही ऋषभ के लगातार संपर्क में थे । पोंटिंग उस समय दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे । उन्होंने कहा, यह एक ऐसी वापसी है जो हैरान करती है । मैंने जब उनकी हालत देखी, तो मुझे लगा कि वह आईपीएल 2024 में नहीं खेल पाएंगे पर इस क्रिकेटर ने मुझसे कहा, 'मेरे बारे में चिंता मत करो, मैं आईपीएल के लिए ठीक हो जाऊंगा ।'

# भारत ने एकल के लिए फिर से जताया बालाजी पर भरोसा, स्वीडन के खिलाफ खेलेंगे शुरुआती मैच



**स्टाकहोम (एजेंसी )।** भारतीय डेविस कप टीम ने लगातार दूसरी बार एकल मुकाबले की जिम्मेदारी निभाने के लिए युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी पर भरोसा जताया है जो स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मैच में कप्तान रोहित राजपाल की अगुवाई वाली टीम का शुरुआती मैच खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने टीम में दूसरे एकल खिलाड़ी के तौर पर रामकुमार रामनाथन को चुना है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान में 'ग्रास कोर्ट' पर एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाले बालाजी शनिवार को स्वीडन के शीर्ष खिलाड़ी एलियास यमेर (विश्व रैंकिंग 238) के खिलाफ मैच के साथ इस इनडोर मुकाबले की शुरुआत करेंगे।

इस टीम में भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी रामकुमार (विश्व रैंकिंग 332) दूसरे एकल में स्वीडन के दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग (विश्व रैंकिंग 603) से भिड़ेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों का इससे पहले एटीपी टूर पर आमना-सामना नहीं हुआ है। रामकुमार और बालाजी रविवार को फिलिप बर्गेवी और आंद्रे गोरानसन के खिलाफ युगल और रिवर्स एकल भी खेलेंगे। शुरुआती दिन अगर स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा तो तो युगल जोड़ी में बदलाव हो सकता है। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की समस्या के कारण मुकाबले के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया, जबकि अगले सर्वश्रेष्ठ विकल्प शशिकुमार मुकुंद के चयन पर विचार नहीं किया गया।

कप्तान राजपाल ने कहा कि अन्य एकल विकल्प निकी पुनाचा फिट हैं लेकिन टीम प्रबंधन रणनीति के तहत बालाजी को उतारना चाहता है। बालाजी और रामकुमार दोनों ने तेज तर्रार सर्विस करने के बाद नेट का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए जाने जाते हैं और भारतीय कप्तान शनिवार को उनसे इसी तरह की योजना चाहते हैं।

राजपाल ने मैचों के ड्रा के बाद पीटीआई से कहा, '' निकी (पुनाचा) फिट है, फिजियो ने काफी मेहनत की है लेकिन हम उनकी योजना (स्वीडन) की तहत नहीं खेलना चाहते है। वे सर्विस लाइन के पास से खेलना पसंद करते है। हमारी अपनी रणनीति है, हमारे ये दोनों खिलाड़ी नेट के करीब जाकर खेलना पसंद करते हैं। हम चाहते हैं कि दबाव दूसरी टीम पर हो।'' राजपाल ने कहा कि पुनाचा भी इस रणनीति का पालन करने में सक्षम हैं लेकिन उनके पास इस खिलाड़ी लिए कुछ अन्य योजनाएं हैं। उन्होंने बताया, '' मैं कुछ योजनाओं का खुलासा नहीं करना चाहता हूं।'' इस बात की संभावना है कि पूनाचा को रविवार को युगल खेलने के लिए कहा जाएगा।

# इन तीन भारतीय खिलाड़ियों से ऑस्ट्रेलिया को रहना होगा सावधान : लियोन



मुंबई । ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में उनकी टीम को तीन भारतीय खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत से सतर्क रहना होगा । लियोन के अनुसार 22 नवंबर से होने वाली ये सीरी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) में शामिल होने के कारण और अहम हो जाती है । लियोन ने कहा, रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत आगामी टेस्ट सीरीज में हमारे खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे । साथ ही कहा कि इन तीनों के अलावा युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, और अनुभीव रविंद्र जडेजा भी हमारे लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं । मेजबान टीम के इस स्पिनर ने कहा कि भारतीय टीम की बल्लेबाजी काफी अच्छी है और ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों के लिए उन्हें आउट करना आसान नही रहेगा । उन्होंने कहा, अगर हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम भारतीय टीम को बेहतर तरीके से चुनौती दे सकते हैं । भारतीय टीम ने पिछली चार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती हैं । इसमें भी दो बार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में जीतने में सफल रही है । 2014 के बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस सीरीज में लगातार हार का सामना करना पड़ा है ।

# आईसीसी महिला टी20 विश्व कप जीत सकती है न्यूजीलैंड : मैकमिलन



वेलिंगटन । न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के सहायक कोच क्रेग मैकमिलन का मानना है कि अगले माह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में उनकी टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी । मैकमिलन के अनुसार उनकी टीम में युवा और अनुभवी दोनो तरह की खिलाड़ी शामिल हैं । न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन जैसी खिलाड़ी शामिल हैं । ये जोड़ी शीर्ष क्रम में बड़े स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी । कोच के अनुसार यह कीवी टीम की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह जोड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही टूर्नामेंट के हर संस्करण में शामिल रही है। यह जोड़ी दो बार न्यूजीलैंड (2009,2010) के साथ प्रतियोगिता में उपविजेता रही और अन्य दो अवसरों पर सेमीफाइनल तक पहुंची । ऐसे में ये एक बार फिर ट्रॉफी जीतना चाहेंगी । मैकमिलन ने कहा, 'जब वे (डिवाइन और बेट्स) रिटायर हो जाएंगे, तो वे न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन जाएंगे । दोनो के लिये यह विश्वकप की ट्रॉफी उठाने का बेहतरीन अवसर है। मैकमिलन ने कहा, 'मुझे हमारे पास मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने वाले युवाओं के साथ संतुलन बनान अच्छा लगता है । हमें जो चाहिए वह है कि हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार अपना काम करे और अगर ऐसा होता है, तो आप कभी नहीं जान सकते कि विश्व कप के समय क्या हो सकता है । उन्होने कहा, मुझे लगता है कि हमने सीखा है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा करने के लिए किस प्रकार से खेलना होता है । साथ ही कहा कि टीम आजकल विश्वकप के लिए अभ्यास में लगी है ।

# इंग्लैंड टीम में शामिल ऑलराउंडर ब्रायडन के पिता ने खेला था जिम्बाब्वे से

लंदन । पाकिस्तान दौरे पर होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पिता ने जिम्बाब्वे की ओर से खेला था । वहीं अब ब्रायडन इंग्लैंड की ओर से खेलेंगे । विश्व क्रिकेट में ऐसे कई मामले सामने आये हैं जब पिता ने किसी एक टीम से खेला है और बेटा किसी दूसरी टीम से खेलने लगे । ब्रायडन का मामला भी कुछ ऐसा ही है । इस खिलाड़ी का जन्म दक्षिण अफीका के ईस्टर्न केप में हुआ था पर वह इंग्लैंड की ओर से टेस्ट डेब्यू करने जा रहा है । इंग्लैंड ने अपने 17 सदस्यीय टेस्ट दल में कार्स को जगह दी है । कार्स दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं । इस क्रिकेटर ने इंग्लैंड की ओर से एकदिवसीय और टी20 अंतराष्ट्रीय में में पहले ही डेब्यू कर लिया था । ब्रायडन के पिता जेम्स कार्स का जन्म जिम्बाब्वे में हुआ था । जेम्स कार्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्बाब्वे की ओर से नहीं खेल पाये पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जिम्बाब्वे की ओर से खेलते रहे । जेम्स ने काउंटी क्रिकेट में इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन शॉयर की ओर से खेला था । साल 2019 में जेम्स ने इंग्लैंड की नागरिकता प्राप्त की थी । इंग्लैंड की टीम अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी । इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से मुल्तान में खेला जाएगा जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट मैच क्रमशः 15 और 24 अक्टूबर से कराची और रावपिंडी में होगा । कार्स ने जुलाई 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था । उन्होंने 14 वनडे मैचों में 15 विकेट लिए हैं जबकि 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनके नाम 4 विकेट दर्ज हैं । इसके अलावा एकदिवसीय में उनके नाम 155 रन हैं ।

# डायमंड लीग फाइनल में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा और अविनाश साबले, कड़ा होगा मुकाबला

**ब्रुसेल्स (बेल्जियम) (एजेंसी )।** ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल 2024 में भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और स्टीपलचेजर अविनाश साबले भाग लेंगे। ये स्पर्धाएं शुक्रवार से बेल्जियम में शुरू होंगी। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज में भाग लेंगे जिसका समय 14 सितंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 12:39 बजे निर्धारित है। इस बीच नीरज चोपड़ा भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेंगे, जो 15 सितंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:52 बजे शुरू होगी।

यह पहली बार है जब दो भारतीय एथलीट डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई हुए हैं। नीरज चोपड़ा का डायमंड लीग में सफल इतिहास रहा है, उन्होंने 2022 में फाइनल जीता और 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया। 2024 सीजन में, चोपड़ा ने दो मीट में 14 अंक अर्जित किए और समग्र स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहे। मई में दोहा लेग और पिछले महीने लॉजेन इवेंट दोनों में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया।

ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 29 अंकों के साथ भाला फेंक स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहे, उसके बाद जर्मनी के जूलियन वेबर 21 अंकों के साथ दूसरे और चेकिया के गत चैंपियन जैकब वडलेज 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पेरिस 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम ने इस साल डायमंड लीग में केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की और ब्रुसेल्स फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए।

अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज के लिए डायमंड लीग स्टैंडिंग में दो मीटिंग में तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर रहे। इसके बावजूद चार उच्च रैंक वाले एथलीटों के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण उन्होंने शीर्ष 12 में स्थान हासिल किया। जुलाई में डायमंड लीग के पेरिस चरण में सेबल ने 8:09.91 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय बनाया, जहां वे छठे स्थान पर रहे और अगस्त में सिलेसिया चरण में वे 14वें स्थान पर रहे। ब्रुसेल्स में होने वाली प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धी होगी जिसमें दो बार के ओलंपिक चैम्पियन मोरक्को के सौफियाने बकाली और केन्या के पेरिस 2024 में कांस्य पदक विजेता अब्राहम किबिवोट 3000 मीटर स्टीपलचेज में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



